उ०—३ कोसिक ज्याग अभंग सिहायक, दांणव घायक दूधरी पाय **रजी** रघुराम परस्सत, आ त्रीय गौतम उधरी।
—र. ज. प्र.

उ०—४ भळहळ बूग सावळ भूल, गुडिली गयण मिळि गोधूल।
ऊपर **रजी** धार अंधार, दौड़े खुरम रा दळकार।
—गु. रू. बं.

रजीडंट-देखो 'रेजीडेंट' (रू. भे.)

रजीदांनी-सं. स्त्री. [सं. रजः+फा. दान+रा. प्र. ई.] स्याहि सुखाने के लिए बारीक रेत रखने का पात्र, जिसके ढक्कन में चलनी की तरह छिद्र होते हैं। बालूदानी।

रजीनी-देखो 'रजनी' (रू. भे.)

रजु-१ देखो 'रज्जु' (रू. भे.)
२ देखो 'रज्जू' (रू. भे.)

रजुआत-सं. स्त्री. [अ. रुजूआत] १ मित्रता, मेल-जोल।
उ०—रावळ माहप रा वागड़ धणी। ऐ सदा चीतोड़ रा रांणा री चाकरी करता पछै सै दिलीरा पातसाहां सु पिण **रजुआत** रखै छै। —नैणसी
२ लगाव, झुकाव।

रजुता-सं. स्त्री.-१ रज्जू होने की अवस्था या भाव।
२ सरलता, सीधापन
३ सहमति।

रजू-१ देखो 'रज्जू' (रू. भे.)
उ०—१ रांम **रजू** तौ में रजू, मैं न रजू रज रांम। हरीया जांमण अर मरण, जांह तांह हरि सूं कांम।
—अनुभव वांणी

उ०—२ दोनुं चितोड नु चालीया। चितोड़ जाइ **रजू** हूवा।
—चौबोली

उ०—३ पीछै भींवराजजी घोड़ा ५० सूं चढ दिल्ली गया। नै पातसाह हमायूं रै पावां लागा। तद पातसाहजी चाकरी मैं **रजू** किया। —द. दा.

उ०—४ पाखती भोमिया था त्यांनू मेल्हिया और मारिया सो लोग सगळा **रजू** हुइ गया। —ठा. जे.

२ देखो 'रज्जु' (रू. भे.)

रजूबाकी-सं. स्त्री.-ऋण का लेखा जोखा करने के बाद ऋण की अवशिष्ट रहने वाली रकम।

रजूनांमौ-स. पु. [अ. रजू+फा. नामः] स्वीकृति-पत्र, सहमति-पत्र।
उ०—सं. १७१६ चैत्र मैं एक दिन आलमगीर कहायौ साहिजांन जी कैद मैं हा त्यांनूं, जो हजरत पातसाही इनायत करण का मेरे तांई **रजूनांमा** लिखदेवौ। —द. दा.
रू० भे०—रज्जुनांमौ।

रजोकुळ-स. पु.-राज्य कुल।

रजोगुण-सं. पु. [सं.] धार्मिक क्षेत्र में, प्रकृति के तीन गुणों में से दूसरा गुण। इसकी अभिव्यक्ति, सात्विक तथा तामसी वृत्ति के बीच की दशा होने पर होती है।
उ०—**रजोगुण** ब्रह्मगुण सातसी, तिकौ ग्यांन पतिसाह गिणी। तांमसी रूप सकर तणौ पति गुणा मा रांम पिणि।
—पी. ग्रं.
रू० भे०-रजगुण।

रजोगुणी-सं. पु.-१ ब्रह्मा। (ना. मां.)
सं. स्त्री.-२ रजोगुण वाली वृत्ति या भावना।
वि.-रजोगुण के भाव वाला।
उ०—अबै इण वखत मैं वे रजपूत **रजोगुणी** राज राग रंग में रंजीयोड़ा बीर है।
—वी. स. टी.

रजोदरसण-सं. पु. [सं. रजो-दर्शन] स्त्रियों की रजस्वला होने की अवस्था या दशा।

रजोधरम-सं. पु. [सं. रजोधर्म] स्त्रियों का मासिक धर्म।
रू० भे०-रजधरम।

रजोमूरती–सं. पु. [सं. रजोमूर्ति] ब्रह्मा।

उ०—तु ही भीळणी भेख संभू भुळावै। **रजोमूरती** लेख तूही रुळावै।

—मे. म.

रज्ज–१ देखो 'रज' (रू. भे.)

उ०—१ सांम तणौ बळ सूरमा, रिमां गिणौ तिल **रज्ज**। ऊथाळै अजमाल छळ, भाळै प्रांण सकज्ज।

—रा. रू.

उ०—२ गज्ज ऊथोळिया **रज्ज** सूं गूडळा। धोम मै पव दीपै फिरै धूधळा।

—गु. रू. बं.

उ०—३ हाळिया एहड़ा घेर वंकी घड़ा। **रज्ज** उड्डै रवी धोमतै धूंधळै।

—सू. प्र.

२ देखो 'राज्य' (रू. भे.)

उ०—ओरंग पतिसाही ग्रही, दहवटि करि दाराह। **रज्ज** पियारा रज्जियां, भाइ दुपियाराह।

—ध. व. ग्रं.

रज्जणौ, रज्जबौ–देखो 'राजणौ राजबौ' (रू. भे.)

उ०—दकूळ पीत लोभयं, सुरूप बीज सोभयं। निखंग पीठ **रज्जयं**, सुचाप पांणि सज्जयं।

—र. ज. प्र.

रज्जसुळा–देखो 'रजस्वळा' (रू. भे.)

रज्जियौ–देखो 'राजवी' (रू. भे.)

उ०—ओरंग पतिसाहि ग्रही, दहवटि करि दाराह। रज्ज पियारा **रज्जियां**, भाइ दुपियाराह।

—ध. व. ग्र.

रज्जी–१ देखो 'रज' (रू. भे.)

२ देखो 'रज्जु' (रू. भे.)

३ देखो 'रज्जू' (रू. भे.)

४ देखो 'राजा' (रू. भे.)

रज्जु–सं. पु. [सं.] १ रस्सी, डोरी, रस्सा।

उ०—**रज्जु** विलंबी नै कुमर, पइसै कूप मझार।

—वि. कु.

२ बागडोर।

३ स्त्रियों के शिर की चोटी।

४ शरीरस्थ रंग विशेष।

५ एक प्रमाण विशेष (जैन)

वि. वि.–जैन मतानुसार ३, ८१, २७, ९७०, इतने मण के वजन को 'एक भार' कहते हैं। ऐसे १००० भार का लोहे का गोला उसे कोई देवता ऊंचे स्थान से नीचे को डाले, वह गोला ६ मास, ६ दिन, ६ पहर और ६ घड़ी में जितना क्षेत्र पार कर, उल्लंघन कर नीचे आवै, उतने क्षेत्र को एक रज्जु प्रमाण जगह कहते हैं।

६ देखो 'रज' (रू. भे.)

७ देखो 'रज्जू' (रू. भे.)

रू० भे०–रजु, रजू, रज्जी।

रज्जुनांमौ–देखो 'रजूनांमौ' (रू. भे.)

रज्जू–वि.–१ प्रसन्न, खुश।

२ सहमत, एकमत।

३ अनुकूल।

४ प्रत्यक्ष, सामने, रूबरू।

रू० भे०–रजु, रजू, रज्जी।

५ देखो 'रज्जु' (रू. भे.)

उ०—१ **रज्जू** में सरप सीप मांही रूपा, अन होता है योई। तमगुण यूं समांन सुसुप्ती, कहने मातर होई।

—स्री सुखरांमजी महाराज

उ०—२ तरु जड़ सरप दराड़ दिस्ट मिटी, सुद्ध **रज्जू** आनम थांणी। जाग्रत स्वप्न सुसुपती तुरीया, च्यारूं ई भरम विलांणी।

—स्री सुखरांमजी महाराज

रटंत–देखो 'रट' (रू. भे.)

रटंती–सं. स्त्री.–माघ कृष्णा चतुर्दशी, जिस दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान करना उत्तम माना जाता है।

रट–सं. स्त्री.–१ ईश्वर या इष्ट के नाम को बार बार उच्चारण करने की क्रिया या भाव, ध्वनि, जप।

उ०—**रट** हरि मुख पति ध्यांन रहायौ। मंजण कर सिणगार मंगायौ।

—रा. रू.

२ किसी शब्द का बार बार किया जाने वाला उच्चारण या उच्चारण करते हुए याद करने का अभ्यास।

रटक–सं. स्त्री.–१ मुकाबला, सामना, भिड़ंत, टक्कर।

उ०—काळींगे ऊपरै करै काडमि कटक। राकसां हुंति रहमांण लीजै **रटक**।

—पी. ग्रं.

२ तीव्र गति से किया जाने वाला आक्रमण, हमला।

३ युद्ध, लड़ाई, झगड़ा।

उ०— साहां तणी धरा सिर साटै, रहतौ खाय लेतौ **रटक** ।
अंत दिन पैलां अनै आपरा, करि साथै लेगौ कटक ।

—राजा केसरीसिंघ शेखावत रौ गीत

क्रि. वि.–४ चाव से ।

उ०—गुठा जीमतां गटक, अंब नहिं भावै वांनै ।
राब रोगतां **रटक**, जरै नह सीरौ ज्यांनै ।

—जुगतीदांन देथौ

रू० भे०—रटक्क, रटाका, रट्टक ।
अल्पा०—रटकौ, रटक्कौ ।

रटकणौ, रटकबौ–क्रि. स.–१ दौड़ना. भागना ।

उ०—धाड़ा पाड़ कर **रटके** धूरत, धन पटकै धरधूंस ।
नटके साधू बनै निराळा, सटके माळा सूंस ।

—ऊ. का.

२ मुकाबला करना, सामना करना, टक्कर लेना ।
३ आक्रमण करना, हमला करना, किसी पर टूट पड़ना ।
४ युद्ध या लड़ाई करना ।
रटकणहार, हारौ (हारी), रटकणियौ —वि.
रटकिओड़ौ, रटकियोड़ौ, रटक्योड़ौ —भू. का. कृ.
रटकीजणौ, रटकीजबौ —कर्म वा.
रटक्कणौ, रटक्कबौ — रू. भे. ।

रटकियोड़ौ–भू. का. कृ.–१ दौड़ा हुआ, भागा हुआ. २ मुकाबला किया हुआ, सामना किया हुआ, टक्कर लिया हुआ. ३ आक्रमण या हमला किया हुआ, किसी पर टूट कर पड़ा हुआ. ४ युद्ध या लड़ाई किया हुआ ।
(स्त्री० रटकियोड़ी)

रटकौ–देखो 'रटक' (रू. भे.)

रटक्क–देखो 'रटक' (रू. भे.)

उ०—वधि चक्क उचक्कत राह वियै, करि हक्क कटक्क **रटक्क** कियै । —सू. प्र.

रटक्कणौ, रटक्कबौ–देखो 'रटकणौ, रटकबौ' (रू. भे.)

रटक्कियोड़ौ–देखो 'रटकियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. रटक्कियोड़ी)

रटक्कौ–देखो 'रटक' (अल्पा., रू. भे.)

उ०–१ रिम न **रटक्कां** राचणा, जंगी जुड़ै न जंग । सिव जोगण भैरूं सगत, बिलखै लख बारंग । —रेवतसिंह भाटी

उ०—२ भटक्कां हजारां बहै, सरीखां बटक्कां भड़ै । **रटक्कां** बटक्कां, रिमां करै गाढै राव ।

—बुधसिंह सिंढायच

रटण, रटणी–सं. स्त्री.–१ रटने की क्रिया या भाव, रट, जाप ।
२ घोषणा ।
३ जिव्हा, जीभ । (अ. मा.)

रटणौ, रटबौ–क्रि. स. [सं. रटनम्] १ इष्ट या ईश्वर के नाम का बार-बार उच्चारण करना, जाप करना, जपना, रटना । भगवत् भजन करना ।

उ०—१ धन वे पुरख बडा पण धारी, खलक सिरोमण सुजस खटै । उमगै दांन ऊधमै आचां, रांम रांम मुख हूंत **रटै** ।

—र. रू.

उ०—२ उदर भरण घर घर अटै, **रटै** नहीं स्रीराम ।
सूंस करै कवडी सटे, ते गुण घटे तमांम । —बां. दा.

उ०–३ अथ ओमकार अक्षर उचार, निस दिवस नांम **रट** रांम रांम । —ऊ. का.

उ०—४ रांम रांम रसना **रटै** सोई जुग में साध ।
हरीया सिवरन सहज का, वाका मता अगाध ।

—अनुभव वांणी

२ किसी शब्द का बार बार उच्चारण करके याद करने का अभ्यास करना ।
३ किसी के गुण गाना, कीर्ति या यशोगान करना ।
४ कहना, बोलना ।

उ०—१ इम सुणि जबाब अवरंग हूं, रावत जसवंत रा **रटै** ।
नह दियां साह खावंद नरिंद, सीस दियां खावंद सटै ।

—सू. प्र.

उ०–२ **रटै** हैक 'पदमौ' 'रतनावत'
दूजौ 'पदम' **रटै** 'दौलावत' । —सू. प्र.

५ विलाप करना, रुदन करना, रोना ।

उ०—१ लागी दळि कळि मळयानिळ लागै, त्रिगुण परसतै खुधा त्रिस । **रटति** पूत मिसि मधुप रूंखराइ, मात स्रवति मधु दूध मिसि । —वेलि.

उ०—२ राजस्थांन **रटै** कविराजा, कीरत दांन कहांणी । गयौ जहांन हूंत गुण ग्राहक, 'मांन' हरौ माडांणी ।

—ऊ. का.

६ जोर से बोलना, चिल्लाना, चीखना ।
७ घोषणा करना ।
८ गर्जना ।
९ भूंकना ।
रटणहार, हारौ (हारी), रटणियौ —वि० ।
रटिओड़ौ, रटियोड़ौ, रटयोड़ौ —भू. का. कृ.

रटीजणौ, रटीजबौ —कर्म वा.
रट्टणौ, रट्टबौ, रठणौ, रठबौ, —रू. भे.

रटांण—सं. स्त्री.—१ अनाज या फलादि की परिपक्वावस्था।
२ रटने की ध्वनि।

रटा—सं. स्त्री.—टक्कर

उ०—रिमां धू उथाळौ चंडी रीम री **रटा** रौ जायौ। भालौ किनां ईस री जटा रौ जायौ भूत।

—सूरजमळ मीसण

वि०—गायक, गाने वाला।

उ०—दंती घटा छटा खग दांमणि, सेलां पटां सिळाव सर।
कवि जस **रटा** थटा गुण केकी, हरिदन छटा अजीत हर।

—महाराजा मांनसिंहजी रौ गीत

रटाका—देखो 'रटक' (रू. भे.)

उ०—ले भड़ां रटाकां पूर अरिंदा ताड़ब्बा लागा,
महावीर खीज में पाड़ब्बा लागा मूंठ।

—सुखदांन कवियौ

रटाणौ, रटाबौ—क्रि. स. ['रटणौ' क्रिया का प्रे. रू.] इष्ट व ईश्वर के नांम का बार बार उच्चारण कराना, जाप कराना, जपाना, रटाना। भगवत भजन कराना।
२ किसी शब्द का बार बार उच्चारण करवा कर याद कराने का अभ्यास कराना।
३ किसी के गुण गाने या यशोगान करने के लिये प्रेरित करना।
४ बोलाना।
५ रुदन या विलाप कराना, रुलाना।
६ घोषणा कराना।
रटाणहार, हारौ (हारी), रटाणियौ —वि.
रटायोड़ौ —भू. का. कृ.
रटाईजणौ, रटाईजबौ —कर्म वा.
रटावणौ, रटावबौ —रू. भे.

रटायोड़ौ—भू. का. कृ.—१ इष्ट या ईश्वर के नाम का बार बार उच्चारण कराया हुआ, जाप कराया हुआ, रटाया हुआ, भगवत भजन कराया हुआ. २ किसी के गुण या यश गाने के लिये प्रेरित किया हुआ. ३ किसी शब्द का बार बार उच्चारण कराकर याद कराने का अभ्यास कराया हुआ. ४ बोलाया हुआ. ५ रुदन या विलाप कराया हुआ, रुलाया हुआ. ६ घोषणा कराया हुआ।
(स्त्री. रटायोड़ी)

रटावणौ, रटावबौ—देखो 'रटाणौ, रटाबौ' (रू. भे.)
रटावणहार, हारौ (हारी), रटावणियौ —वि.।
रटाविग्रोड़ौ, रटावियोड़ौ, रटाव्योड़ौ —भू. का. कृ.।
रटावीजणौ, रटावीजबौ कर्म वा.।

रटावियोड़ौ—देखो 'रटायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. रटावियोड़ी)

रटियोड़ौ—भू. का. कृ.—१ इष्ट या ईश्वर के नाम का बार-बार उच्चारण किया हुआ, जाप किया हुआ, जपा हुआ, रटा हुआ, भगवत् भजन किया हुआ. २ याद करने के लिये किसी शब्द का बार-बार उच्चारण किया हुआ. ३ किसी के गुण, यश या कीर्ति का गान किया हुआ. ४ कहा हुआ, बोला हुआ. ५ विलाप या रुदन किया हुआ, रोया हुआ. ६ जोर से बोला हुआ, चीखा हुआ, चिल्लाया हुआ. ७ घोषणा किया हुआ. ८ गर्जा हुआ. ९ भूंका हुआ।
(स्त्री. रटियोड़ी)

रट्टक—देखो 'रटक' (रू. भे.)

उ०—**रट्टक** तीरां की रची, धर अक्कट चित धार। फिर दट कर कीधी फतै, 'लाकहरट' की लार।

—जुगतीदांन देथौ

रट्टणौ, रट्टबौ—देखो 'रटणौ, रटबौ' (रू. भे.)

उ०—रीझ दिया रिड़माल नै, नव कोट ग्रभै नर। राव मुखां इम **रट्टियौ**, कमधज जोड़ै कर।

ठा. जुझारसिंह मेड़तियौ

रट्टियोड़ौ—देखो 'रटियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. रट्टियोड़ी)

रट्ठ—सं. स्त्री.—१ कड़ाके की सर्दी, तेज सर्दी।
२ देखो 'राष्ट्र' (रू. भे.)

रट्ठवड़, रट्ठवर, रट्ठोड़, रट्ठोर, रट्ठौड़, रट्ठौर—देखो 'राठौड़' (रू. भे.)

उ०—१ आज विहांणै **रट्ठवड़**, लड़सी लंकाळा।

—सू. प्र.

उ०—२ वंस प्रगट धिन भासकर, रट कुळवट **रट्ठोड़**। भल तो 'पातल' मुच्छ बट, जग उप्रवट जस जोड़।

—जैतदांन बारहठ

उ०—३ रनबंका ध्वज धज धुर रहंत। हैं कौन हम **रट्ठोर** हंत।

—ऊ. का.

रठ–वि.–दृढ़, मजबूत ।

रठठ–सं. स्त्री.–१ भारी बोझ के कारण गाड़ी या शकट से चलते समय निकलने वाली ध्वनि विशेष ।
२ तलवार ।

उ०—'तेजलै' बियै कर **रठठ** भेळै तुरी, धोम पुड़ कठठ काय भटकती वीज ।

—मूळौ वीरांमियौ

रठठणौ, रठठबौ–क्रि. अ.–भारी बोझ के कारण गाड़ी या शकट का चलते समय आवाज करना ।

रठठाणौ, रठठाबौ–क्रि. स.–घींसना, घसीटना ।

उ०—आडीआं डांगरां घातिआं चरू **रठठाविजै** छै । तांह चरवां रा निहाव्या सूं पहाड़े पड़िसादानें रहिआ छै ।

—रा. सा. सं.

रठठायोड़ौ–भू. का. कृ.–घसीटा हुआ, घींसा हुआ ।
(स्त्री. रठठायोड़ी)

रठियोड़ौ–भू. का. कृ.–आवाज किया हुआ ।

रठणौ, रठबौ–देखो 'रटणौ, रटबौ' (रू. भे.)

रठवड़–देखो 'राठौड़' (रू. भे.)

रठावठ–सं. स्त्री.–मारकाट, मारपीट ।

रठीठ–वि.–दृढ़, मजबूत ।

रठौर–देखो 'राठौड़' (रू. भे.)

उ०—बाल वय हूमैं जयकार हूवौ **रठौर** रंग । जंग सग दीन्ह अंग नांहि अरसायौ है ।

—साधु सेवादास

रड–देखो 'रढ' (रु. भे.)

रडकवी–देखो 'रड़ी' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—ताहरां 'वेसवटै' कह्यौ, भाद्रवै री तेरस **रडकवी** कनै चौगांन मुहै आय ऊभौ रहै ।

—मूळवै सांगावत री वात

रडणौ, रडबौ–देखो 'रड़णौ, रड़बौ' (रू. भे.)

उ०—१ खीजइ मूंभइ **रडइ** बाल जिम सयरु संतावइ । कमलिणि कांणणि मण समाधि सा किमइ न पांमइ ।

—सालिभद्र सूरि

उ० –२ अन्नदिणंतरि गिरिसिहरे राजा रमलि करेइ । कुंती करयल अडवडिउ **रडयउ** भीमु रुडेइ ।

—सालिभद्र सूरि

उ०—३ रोती **रडती** आवजै ।

—धरम पत्र

उ०—४ राय **रडइ** अवनी पडइ, कूटइ त्रूटइ वेणि । अस्त्रुपात इम उल्लरइ, सबळ न खूटइ स्रेणि ।

—मा. कां. प्र.

उ०—५ कापडीआ मांहिं कांमिनी, सो नर सूतउ भालि । कांम–कंदला कही **रडइ**, अवर न बीजी आलि ।

—मा. कां. प्र.

उ०—६ भाद्रवडइ सरोवर भरियां, नीर निरंतर होइ । रिदयां–भींतरि हुं **रडुं**, नीर निवारि न कोइ ।

—मा. कां. प्र.

रडवड–देखो 'रड़वड़' (रू. भे.)

उ०—तडफड साकुर हिंज तुंड । **रडवड** उड गड़ां जिम रुंड ।

—गो. रू.

रडवड़णौ, रडवड़बौ–देखो 'रड़बड़णौ, रड़वड़बौ' (रू. भे.)

उ०—**रडवडता** गलीए मूआ रे, मडा पड्या ठांम ठांम । गलि मांहै थइ गंदगी रे, छै कुण नांखण दांम ।

स. कु.

रडव्वड–देखो 'रड़बड़' (रू. भे.)

उ०—भडीयड भांजि मरग्गड मूंड । **रडव्वड** रैण करंडक रूंड ।

—गु. रू. बं.

रडाळ, रडाळौ–देखो 'रढाळ, रढाळौ' (रू. भे.)

रडियोड़ौ–देखो 'रड़ियोड़ौ' (रू. भे.) (स्त्री. रडियोड़ी)

रडी–देखो 'रड़ी' (रू. भे.)

उ०—राजा कह्यौ, **रडी** सांम्ही हुंती तिका वात इये उपर आंण उभौ राख ।

—मूळवै सांगावत री वात

रडौ–देखो 'रड़ौ' (रू. भे.)

उ०—तू छै माघ कीयौह, गोल्हाटी आखै **रडौ** । पेधर डिगीयौ पावडौ, बुडौ दीहाड़ोह ।

—देपाळ धंध री वात

रड्ड–देखो 'रढ' (रू. भे.)

उ०—मारुवाडि का देसमइं, एक न जाई **रड्ड** । कदि ही होइ अवसरणउ, कइ फाकउ कइ तिड्ड ।

—ढो. मा.

रढ–सं. पु.–१ हठ, जिद्द ।

उ०—१ तरै कांनड़दे तो घणूं ही कह्यौ–वे कुण ? म्हें कुण ? पण बैर **रढ** मांड रही ।

—नैणसी

उ०—२ स्त्री बालक पुहोवी धणी रै, ए तिहुं एक सभाव । **रढ** नवि छांडै आपणी रे, भावें तौ घर जाय ।

—प. च. चौ.

२ गर्व, अभिमान ।

उ०—**रढ** मेटण रांमण रढरांण ।

—ह. नां. मा.

३ अहंकार । (अ. मा., ह. नां. मा.)

४ कष्ट, संकट ।

५ बल, शक्ति, पौरुष ।

वि.–१ आन–बान वाला, महान, बड़ा ।

२ वीर, बलवान ।

३ दृढ़, मजबूत ।

रू० भे०–रंढ, रड, रड्ड, रढि, रड्ढ, रढ्ढ़, रढ्ढ ।

रढणौ, रढबौ–देखो 'रड़णौ, रड़बौ' (रू. भे.)

उ०—**रढे** डाढ काढे वढै नाग रीसे, वदन्ने वहे सोळ पंचास वीसे । काळी नागनी जुद्ध मातौ क्रसन्नं, वही जम्मनां पूर सिंदूर वन्ने ।

—नागदमण

उ०—२ सिरै धणी 'आसोप' दुभ्फल भळहळ तप दारण । **रढै** 'कन्ह' रांम रौ, स्यांम कांम रौ सुधारण ।

—सू. प्र.

रढणहार, हारौ (हारी), रढणियौ —वि. ।

रढिओड़ौ, रढियोड़ौ, रढ्योड़ौ —भू. का. कृ. ।

रढीजणौ, रढीजबौ —कर्म वा. ।

रढरांण, रढरांमण, रढरांवण–वि.–१ दृढ़, मजबूत, अडिग ।

उ०—मुड्या नह केक तज्यौ नह मांण । रह्या वे पूरबिया **रढरांण** ।

—लिखमीदांन ऊजळ

२ अपनी आन पर मरने वाला, दृढ़ प्रतिज्ञ ।

उ०—१ 'सुरतौ' 'गजौ' लड़ण जुध सारां, 'हरी' तणां मौहरी हजारां । 'रांमौ' 'करन' तणौ **रढरांमण**, बाधै खगै पगै जिम वांमण ।

—रा. रू.

उ०—२ सुरतांण सूं दीवांण संचित, तांण सर तुड़तांण । दे पांण जमदढ़ पांण दाखव, रांण जिम **रढरांण** ।

—नैणसी

३ बलवान, शक्तिशाली ।

उ०—चूंडराव रिणमल्ल, राउ 'जोधो' **रढरांमण** । 'सूजौ' 'वाघौ' 'गंगेव' 'माल' गढ कोट पलट्टण ।

—गु. रू. बं.

४ हटी, जिद्दी ।

५ वीर, बहादुर ।

उ०—रकेवां पाव दिया **रढरांण** हुवौ असवार सैंधव रढरांण ।

—गो. रू.

६ दुष्ट ।

रू० भे०–रंढरांण, रंढरांणौ, रंढरांमण, रढराव ।

रढराव, रढरावण–देखो 'रढरांमण' (रू. भे.)

उ०—१ जुड़ै **रढराव** बैहुंय जोध ।

—गो. रू.

रढाळ, रढाळौ–वि.–१ हठी, जिद्दी ।

उ०—१ भाटक कोट हुआै जूंभाऊं, रच भाराथ **रढाळौ** । पड़ियां सीस पछै पालटसी । अनढ़ पळोधी आळौ ।

—आवड़दांन लालस

उ०—२ गौड़ मौड़, बंध ठौड़ गराजू, राजू सूरति सिरी **रढाळ** । दुलहणि जोय 'वीढळ' रौ दुलहौ, मन उलही मेळै वरमाळ ।

—कल्यांणदास राव

२ वीर, योद्धा ।

उ०—१ रांम तणौ रिणछोड़ **रढाळां** धांधू वधि वाजणा धाराळां । 'सुंदर' सुत 'सांमंत' सिघाळा, 'रैणायर' 'लखमण' रवताळा ।

—रा. रू.

उ०—२ 'करमसिंघ' कळिमत्थ, रूक 'राइसिंघ' **रढाळा** । वीदा विक्रमाइत 'भीम' भारमल भुजाळा ।

—गु. रू. बं.

३ शक्तिशाली, बलवान ।

उ०—अंगद मेलियौ सद दूत अपंपर, वळ अकळां मजबूत बडाळौ । वप सिणगार धूत खळ बैठौ, रचै सभा अदभूत **रढाळौ** ।

—र. रू.

रू० भे०–रंडाळ, रंडाळौ, रंढाळ, रंढाल, रंढाळौ, रंढालौ, रडाळ, रडाळौ, रढिआळौ, रढीलौ ।

रढि–१ देखो 'रड़ी' (रू. भे.)
२ देखो 'रढ' (रू. भे.)

रढिग्राळौ–देखो 'रढाळौ' (रू. भे.)
उ०—के कांई कांमरण करचू, रे **रढिग्राळा** मित्त । तिणकी सुध भूली गई, चोरी लीधौ चित्त ।
—ढो. मा.

रढियोड़ौ–देखो 'रड़ियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. रढियोड़ी)

रढीलौ–देखो 'रढाळौ' (रू. भे.)
उ०—ग्रालिम ग्रडीलौ रे किण ही परि ढीलौ रे। होवै न **रढीलौ** तुरक गयौ गुसे रे ।
—प. च. चौ.

रढु, रढू, रढ्ढ–देखो 'रढ' (रू. भे.)
उ०—देवी **रढ्ढ** रे रूप दसकंध रूठी । देवी सील रे रूप सोमित्र त्रूठी ।
— देवि.

रणंकणौ, रणंकबो–देखो 'रणकणौ, रणकबौ' (रू. भे.)
उ०—१ **रणंकै** तिकां घोर रूड़ी रचाई, ठणंकै किनां झल्लरी ठोर ठाई ।
—वं. भा.

उ०—२ खेलै कळाधार धींग डंडाळां पंखाळां खमै, **रणंकै** भेरी वीरूप सूरा भरै रीस ।
—राव सत्रसाळ रौ गीत

उ०—३ वढै वीर तोपां सनाहां भणंका बजै । ग्रच्छरां **रणंकै** नगां नूपरां एवास ।
—चिमनजी रौ गीत

रणंकियोड़ौ–भू. का. कृ.–ध्वनि हुवा हुग्रा, ध्वनित । झकृत ।
(स्त्री. रणंकियोड़ी)

रणंकौ–सं. पु.–किसी वाद्य या ग्राभूषण की ध्वनि, झणकार ।
उ०—धे धी कट्ट धा धा कट्ट, ताधिमंक ताधिमंक, रमा झमां ठमां ठमां क्रमै एण रीत । **रणंका** झणंका खांति भांति का रसाल सांमां, राइजादौ देखै नाटक संगीत ।
—ल. पिं.

रणंजय–सं. पु.–सूर्यवंशी एक राजा ।
उ०—जिण नृप वहनि सुजाव क्रंतजय। जेण सुजाव नरेस **रणंजय** ।
—सू. प्र.

रणंताळ–देखो 'रणताळ' (रू. भे.)
उ०—राठौड़ रचेवा **रणंताळ**, वांमंग डहै बीजळा झाळ । बांधै कंदील संधै विवांण, कोसीस भुजै दीना कबांण ।
—गु. रू. बं.

रण–सं. पु. [सं. रणम्] १ युद्ध, समर, जंग ।
उ०—१ पास ग्राए की लाज कुळ काज विचारौ । मेरा **रण** मरणा कै जीवणा सुधारौ ।
—रा. रू.
उ०—२ 'पीथल' जयचंद प्रगट मार खाई **रण** मीठी । नवरोजी परनार दिली गळ गई सह दीठी ।
—ऊ. का.
उ०—३ गाहै गजराजां गुड़ां रुहिर मचावै कीच । ज्यांरै नवग्रह पाधरा, जे बंका **रण** बीच ।
—बां. दा.
२ रंग क्षेत्र, समर भूमि, युद्ध का मैदान ।
उ०—सजै फौज कांठळ घरर घणां नीसांण घुर । ग्रनळ धुंग्रा रवण **रण** ऊजाथै ।
—गु. रू. बं.
३ शोर गुल, ग्रावाज, ध्वनि ।
४ वीणा का स्वर ।
५ गति, चाल ।
६ स्वर का ग्रल्पतम ग्रंश ।
७ निर्जन वन ।
उ०—ग्रोपौ ग्राढौ कहै ईसवर, नित राखूं चित थारौ नांम । तूं छती मांय देवण सुख तूं ही, **रणां** तणी वसती तूं रांम ।
—ग्रोपौ ग्राढौ
८ नमक की झील ।
९ वीणा वजाने का गज ।
[सं. ऋणं] १० ऋण, कर्जा ।
रू० भे०—रंण, रणि, रणी, रणु, रणौ, रन, रन्न, रिण, रिणौ ।

रणकंकण–सं. पु.–१ एक प्रकार का बाजा जो राजा की सवारी के ग्रागे बजता था ।
वि० वि०—एक भाले में कुछ छल्ले पिरोये होते थे जिनको हिलाने से छन छन की ग्रावाज होती थी । यह एक राज चिन्ह माना जाता था ।
२ युद्ध के समय धारण किया जाने वाला कंकण नामक ग्राभूषण विशेष ।

रणक–सं. स्त्री.–१ पायल या नूपुर की ग्रावाज, झनकार ।
उ०—१ रंग पायलड़ी **रणक** मिळी झणक मंजीर । चंगा चसमां री चमक, सावन झमक सरीर ।
—ग्रग्यात
उ०—२ पायल री **रणक** रै समचै दीवांणजी रौ रूं रूं ऊभौ व्हैगौ ।
—फुलवाड़ी

२ किसी शस्त्र या वाद्य की आवाज ।

उ०—**रणक** घंट ददराज गाज ज्यूं ही गज गाजत । सिर अंकुस सिरताज, वीज उपमा ज विराजत ।

—सू. प्र.

३. याद, स्मरण ।

रू० भे०—रणांक, रनक ।

रणकणौ, रणकबौ–क्रि. अ.–१ किसी आभूषण या वाद्य की छन-छन आवाज होना, झनकार होना, मधुर ध्वनि होना, बजना ।

उ०—१ नाचत रणकत नेउरी ए, बिहुं आगलि इंद्र अंतेउरी ए । टिगमिग जोवै जग सहुए, रंगहि गुण गावै सुर वहुए ।

—वृ. स्त.

उ०—२ जांझर पग रा झण झणै, त्यूं बिछियां रौ तेज । किंकण **रणकै** कमर री, सिस वदनी री सेज । —अग्यात

२ शस्त्र खनकने की या टकराने की आवाज होना ।

३ रटने की आवाज होना ।

उ०—रमणीं बरहीनां निरख नबीनां, रांम रांम **रणकंदा** है । कंद्रप रा कीटा फवतन फीटा, भंवर गुफा भणकंदा है ।

—ऊ. का.

रणकण हार, हारौ (हारी), रणकणियौ —वि.

रणकिओड़ौ, रणकियोड़ौ, रणक्योड़ौ —भू. का. कृ.

रणकीजणौ, रणकीजबौ, —भाव वा.

रणकणौ, रणकबौ, रणणंकणो, रणणंकबौ, रणणौ, रणबौ, रणवणणौ, रणवणबौ, रनंकणौ, रनंकबौ —रू. भे.

रणकाणौ, रणकाबौ–क्रि. स.–१ किसी वाद्य या आभूषण को बजाना ।

२ शस्त्र से आवाज करना ।

३ रट लगाना ।

रणकाण हार, हारौ (हारी), रणकाणियौ —वि.

रणकायोड़ौ —भू. का. कृ.

रणकाईजणौ, रणकाईजबौ —कर्म वा.

रणकारणौ, रणकारबौ, रणकावणौ, रणकाववौ —रू. भे.

रणकायोड़ौ–भू. का. कृ.–१ बजाया हुआ. (वाद्य या आभूषण) २ आवाज किया हुआ. (शस्त्र) ३ रट लगाया हुआ ।
(स्त्री. रणकायोड़ी)

रणकार–सं. स्त्री. १ आभूषण या वाद्य की झनकार ।

उ०—१ ठमके जांझर **रणकार** साथण देखै । म्हारा घण हेताळू सरदार संगत आछी लागै सा ।

—लो. गी.

उ०—२ जय जय नंदा कहै, लीयै डंडा रस सार । भेर भूगळ साथै, सरणाइ **रणकार** ।

—साहू लाधौ

२ ध्वनि, रट ।

३ गुंजन ।

४ शस्त्र के टकराने की आवाज ।

रू० भे०—रणुंकार ।

रणकारणौ, रणकारबौ–देखो 'रणकाणौ, रणकाबौ' (रू. भे.)

उ०—झालर घंट जठै झणकारत, राव हजार गिरा **रणकारत** । ध्यांन गिनांन प्रभु गुण धारत, स्यांम सदा न्रप कांम सुधारत ।

—अग्यात

रणकारियोड़ौ–देखो 'रणकायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. रणकारियोड़ी)

रणकारौ–सं. पु.–१ आभूषण या शस्त्र के खनकने की आवाज, झनकार ।

उ०—१ रम झम बिछियां रा बजता **रणकारा** । झम झम जेहरि रा उठता झणकारा ।

—ऊ. का.

उ०—२ रेसमी गाभां रा सरणाटा उडावती । गैंणां रा **रणकारा** पाड़ती । सौरम री भभरोळां बिखेरती ।

—फुलवाड़ी

उ०—३ घूघरा रा ऐड़ा **रणकारा** सुणण सारू हजार कांन व्है तौ ही थोड़ा । एक एक ततकार माथै इंदरापुरी रौ राज वारै तौ ही थोड़ौ ।

—फुलवाड़ी

उ०—४ नाई कह्यौ–अंदाता, इत्तौ कांई गैंणौ पैरणौ । डील हिलतां ई **रणकारा** उठै ।

—फुलवाड़ी

२ राम नाम की रट या जाप से होने वाली ध्वनि ।

३ नगारे या वाद्य की ध्वनि ।

रणकालौ–वि.–युद्धोन्मत ।

उ०—किसै कांम आवण **रणकालौ,** बांधै माथै मोड़ विलालौ । भुजडंड पकड़ ऊठियौ भालौ, लेवा भचक रूठियौ 'लालौ' ।

—लालसिंह राठौड़ रौ गीत

रणकावणौ, रणकावबौ–देखो 'रणकाणौ, रणकाबौ' (रू. भे.)

उ०—कपट कोट दहवट्ट गमावइ, नित नयवाद घंटा **रणकावइ** जी ।

—वि. कु.

रणकावियोड़ौ–देखो 'रणकायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. रणकावियोड़ी)

रणकाहल–सं. पु.–युद्ध वाद्य विशेष ।

उ०—सरणाई सरतूर **रणकाहल** नफेरी तबल अनेक भेर तणे निरघोसि करी कटक सोभतू छइ ।

—व. स.

रणकियोड़ौ–भू. का. कृ.–१ झनकार, आवाज या ध्वनि हुवा हुआ. (आभूषण, वाद्य) २ खनकने या टकराने से आवाज हुवा हुआ. (शस्त्र) ३ रटने की आवाज हुवा हुआ ।
(स्त्री. रणकियोड़ी)

रणकोविद–वि.–युद्ध कला में प्रवीण, रणकुशल ।

रणकौ–देखो 'रणकारौ' (रू. भे.)

उ०—डाळ डाळ बैठा पंछी उण रै वधावा रा गीत गावण मंडिया । वां मीठा गीतां रै **रणकै** बादळ अगाढ़ नींद सूं जागने बैठौ व्हियौ ।

—फुलवाड़ी

रणक्षेत्र–सं. पु. [सं. रणक्षेत्रम्] युद्ध का मैदान, रणभूमि ।
रू० भे०–रणखेत ।

रणखण–सं. पु. [सं. रण+क्षण], युद्ध के समय ।

उ०—खगवाहौ मिळियो खळां, मिळियौ **रणखण** पग्ग ।

—रा. रू.

रणखेत–देखो 'रणक्षेत्र' (रू. भे.)

उ०—नैतबंध बांनैत, मेळ **रणखेत** महंतां । विना दिवाळी वंध, जीण खाली मेमंतां ।

—रा. रू.

रणगळियार–सं. पु.–१ घायल ।

उ०—आढौ **रणगळियार** उठायौ, लागि न्रजांन अप्पपुर लायौ ।

—वं. भा.

वि.–२ रणोन्मत्त ।

उ०—अर च्यारिही भायां समेत माधांणी हाडौ मुकुंदसिंह गोड़ अरजुनसिंघ राठौड़ रत्नसिंह जिसड़ा जोधार काली रा कळस **रणगळियार** होइ हाथियां रै माथै हाथ करता साथियां रै सूरतां रौ सांग लगावता साहजादां रै समीप हालिया ।

—वं. भा.

रणगहल, रणगहिलउ–वि.–रणोन्मत्त, युद्धोन्मत्त ।

उ०—पंप नीरि परथै पवंग, असिराइ साख असहाय अंग । हीरइ सतेजि ऊन्हई हठाळ, **रणगहिलउ** चडियउ राइपाळ ।

—रा. ज. सी.

रणचंगौ–वि.–युद्ध कला में प्रवीण, रण कुशल ।

उ०—मांणीगर दातार में, **रणचंगौ** जस खग्ग । जायौ नह अर जनमसी, जलाल जैसौ नग्ग ।

—जलाल बूबना री बात

रणचरचा–सं. स्त्री.–एक प्रकार की कला । (व. स.)

रणछोड़–सं. पु.–१ परमेश्वर, ईश्वर । (ह. नां. मा.)
२ श्रीकृष्ण का एक नामान्तर ।

उ०—१ नमौ जदुराज हळद्धर-जोड़ । रैणायर-रूप नमौ **रणछोड़** नमौ सिसुपाळ मनावण संक, जरासंध जीपण सेन उजंक । —ह. र.

उ०—२ दीज्यौ म्हांनै द्वारिका को बास, रूडा **रणछोड़** जी हो ।

—मीरां

वि०—युद्ध से भागने वाला, कायर । रू० भे० रिणछोड़

रणजीत–वि. [सं.] युद्ध में विजयी रहने वाला ।

रणजेब–सं. स्त्री. [सं. रण+फा. जेब] एक प्रकार की तलवार विशेष ।

उ०—उठी 'विलंद' दळ असुर, बंधि मुगरबां जनेबां । पेसकबज खंजरां, जकड़ वणिया **रणजेबां** । सू. प्र.

रणझण, रणझण–सं. स्त्री. [अनु.] ध्वनि विशेष, झनकार ।

उ०—घम घमंत घूघरी, पाय नेउरी **रणझण** । डम डमंत डाकली ताळ ताळी बज्जै तण । —देवि.
रू० भे०—रंणझण,

रणझणकार, रणझणण–सं. स्त्री. [अनु.] मधुर झनकार ।

उ०—१ हार निगोदर बहिरखा, सखी नेउर रणझणकार कि ।

—कां. दे. प्र.

उ०—२ **रणझणण** नाद खुरसांण खागां रड़क, वाज खणखणण कड़ीयाल बंदी बड़क ।

—महादांन महडू

रणझणणौ, रणझणबौ–क्रि. अ.–मधुर ध्वनि होना ।

उ०—मरहट्ठी गादहि किसिउं कुंकुणउं वासइं, मालवी वांछ किसिउं मारुयं भासइ, गोबर कीडउ किसिउं भ्रमर जिम **रणझणइ**

—व. स.

रणझुणौ–वि. जिससे मधुर झनकार निकलती हो ।

रणणंक–देखो 'रणकार'

रणणंकणौ, रणणंकबौ–देखो 'रणकणौ, रणकबौ' (रू. भे.)

उ०—सरणंकै खुरसांण खागधारां खणणंकै। **रणणंकै** रणराग झलम पाखर भणणंकै। —वं. भा.

रणणंकियोड़ौ–देखो 'रणकियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. रणणंकियोड़ी)

रणण–सं. स्त्री.–देखो 'रणक'

उ०—थेइ थेइ थेइ ठवति पाय, वेणु वीणा करि बजाय। झें झें झंझरिय लाय, **रणण रणण** नेउरी।
सुरियाभ सुर करि प्रणांम, मांगति अव मुक्तिधांम। समयसुंदर सुजस नांम जय जय जय सांमरी। —स. कु.

रणणौ, रणबौ–देखो 'रणकणौ, रणकबौ' (रू. भे.)

रणतभंवर–सं. पु. [सं. रणस्तम्भ-पुर] १ राजस्थान का एक प्रदेश रणथंभोर (ऐतिहासिक)

उ०—साहपुरौ बणहड़ौ ऐ सीसोदिया नूं दिया। टोडौ मालपुरौ ऐ कछवाहां नूं दिया। **रणतभंवर** खालसे राखियौ। कई परगना नरूकां नूं दिया।

गौड़ गोपाळदास री वारता

२ उक्त प्रदेश का गढ या किला।

उ०—गढ़ **रणतभवर** से आवौ विनायक करौ राज नीचीती विड़दडी। —लो. गी.

३ उक्त किले में स्थित गणेशजी की मूर्ति।

४ मांगलिक अवसरों पर उक्त गजानन के नाम पर गाया जाने वाला एक लोक गीत।

रणताळ, रणताळि–सं. पु.–१ युद्ध, संग्राम। (ह. नां. मा.)

उ०—१ बिकट रूप वींदणी, खुरम घड कीध आडंबर। लगन प्रब्ब **रणताळ**, धमळ–मंगळ सिंधू–सुर।

गु. रू. बं.

उ०—२ ऊंनै राव बंसी वंस ऊंनै गोपाळ। दोनां तेग बरछी तोलि कींनू **रणताळ**।

—शि. व.

२ युद्ध स्थल, रण भूमि।

उ०—१ चलै रत खाळ **रणताळ** इंद माचियौ। खेंग किरणांर देखण समर खांचियौ।

—र. रू.

उ०—२ खित पड़ियौ नह पलचरां खाधौ, पावक घट सकियौ नह प्रजाळ। 'वीठल' सुत तणौ तन बढतां, त्रिजड़ां लाग गयौ **रणताळ**। —अरजुण गौड़ रौ गीत

उ०—३ चर सुरति निसाचर सपत चार, परि रूढ़ वयन्नर मसि पहार। आरुहिय असिम वनियउ अकूप, **रणताळि** रयक्खण देस रूप।

—रा. ज. सी.

रू० भे०–रणंताळ, रिणताल अल्पा.—रणताळौ।

रणताळौ–देखो 'रणताळ' (अल्पा., रू. भे.)

उ० – गड़क्कै जंगाळां नाळां कुंडाळां भणंकै गोण, तोड़वै तेजाळा **रणंताळा** में नत्रीठ।

—रावत सारंगदेव रौ गीत

रणतुर, रणतूर, रणतूरच–सं. पु.–एक समर–वाद्य विशेष।

उ०—१ ढोल तणौं ढमढिमाट, पटह तणौं गुमगुमाटि, **रणतुर** तणे रणरणाटि घोडा तणौं हिसाटि।

—व. स.

उ०—२ निज धांम कांमी कांमिनी वे, लड़इ वेधक वयण सु। **रणतूर** नेउर खड्ग वेणी, धनुख रूपी नयण सुं।

—वि. कु.

उ०—३ बिहुं पखै पाट पाखरचां घोडां, बिंहुं पखै **रणतूरच** काजिवा लागां।

—व. स.

उ०—४ बजवाडउ कोठी सहर बेव, हालिया हुइय आगी ह्रेव। नांमिया समांण सीहनहि, **रणतूर** सहि पाखर रवहि।

—रा. ज. सी.

रणत्कार–सं. पु.–शस्त्र प्रहार की ध्वनि।

उ०—जिकै वासुकि नाग री तरह लगलगाट करती सिलहबंध री कड़ियां नूं कतरती पिंड में पैठतां **रणत्कार** पड़ी।

—वं. भा.

रणथंब, रणथंबोर, रणथंभ, रणथंमोर–सं. पु. [सं. रण+स्तम्भ]
१ राजस्थान का रणथम्भोर प्रदेश व इस प्रदेश का गढ़।

उ०—१ बढियौ मुखेस 'पतौ' वाढाळौ, वंभियौ सुरजन देख वद। गढ़ चित्तौड़ गरव तण गरजै, गाडौ गौ **रणथंब** गढ।

—रावत पत्ता रौ गीत

उ०—२ राउ **रणथंभ** तणाह, जउहर जउहर जेहवा। कीधा भोजा कइ कंवरि, वधता बीस गुणाह।

—अ. वचनिका

२ विजय स्मारक।

वि.–युद्ध को थाम कर रखने वाला योद्धा, **वीर**।

उ०—जीव दियौ जसवंत जद, चमकै लोक अचंभ। थिर पर

राजस्थांन रौ, थंभ गिरचौ **रणथंभ** ।

—ऊ. का.

रू० भे०–रणथंभ, रनथंभ ।

रणथंमण–वि. [सं. रण स्तम्भन] योद्धा, वीर ।

उ०—घट 'पातल' उवजौ घणौं, **रणथंमण** राठौड़ । थे मरियां सूं थाहरी, ठाली रहसी ठोड़ ।

—ऊ. का.

रणथट्ट–सं. पु. [सं. रण स्थात] १ युद्ध की शोभा, युद्ध की स्थिति ।

उ०—कट थट्ट गयौ खग भट्ट कहै । **रणथट्ट** घणा भट पास रहै ।

—पा. प्र.

रणथळ–देखो 'रणस्थल' (रू. भे.)

रणधीर–सं. पु.–१ विष्णु, ईश्वर, परमेश्वर । (डिं. को.)

२ श्री कृष्ण का एक नामान्तर ।

३ योद्धा, वीर ।

वि.–रण में धैर्य रखने वाला ।

रणधीरोत–सं. पु.–राठौड़ों की एक उप शाखा व इस शाखा का व्यक्ति ।

रणनंदीतूरच–सं. पु.–एक युद्ध–वाद्य या समर वाद्य विशेष ।

(व. स.)

रणपखर–सं. पु.–एक प्रकार का कवच ।

उ०—किसी किसी पाखर, **रणपखर** जीणपखर गुडि पक्खर ।

—कां. दे. प्र.

रणप्रिय–सं. पु. [सं.] १ बाजपक्षी ।

२ विष्णु ?

रणबंकड़ौ, रणबंकौ, रणबांकुरौ, रणबांकौ–वि. [सं. रणवक्र] १ युद्ध कला में प्रवीण । युद्ध–कुशल ।

२ वीर, योद्धा ।

रू० भे०–रणवंकौ, रनबंकौ ।

रणबुद्ध–वि.–युद्ध में कुशल ।

रणभणु, रणभणू–सं. पु. [अनु.] ध्वनि विशेष ।

उ०—राउल माहिं **रणभणू** राय थयु परिण मंद । ब्राह्मण–ब्रह्मउ सांभरइ, सभा–तणउ ते चंद ।

—मा. कां. प्र.

रणभमर, रणभांमर–वि. [सं. रण भ्रमरः] १ युद्धोन्मत ।

उ०—'माहव' को 'किरतौ' दळ मांहै, वाधै लड़ण जिकौ खग वाहै । 'जैतौ' 'वीक' तणौ जोरावर, 'भाऊ' तणौ सिवौ **रणभांमर** ।

—रा. रू.

२ युद्ध प्रिय ।

रणभूमि, रणभोम–सं. स्त्री. [सं. रणभूमि] लड़ाई का मैदान, युद्ध स्थल ।

उ०—सूर बाहर चढै चारणां सुरहरी, इतै जस जितै गिरनार आबू । बिहुंड खळ खींचियां तणा दळ विभाड़ै, पोढियौ सेज **रणभोम** 'पाबू' । —वां. दा.

रणमंडण–सं. पु. [सं. रणमंडनम्] युद्ध के आभूषण, साज-सज्जा ।

वि०–युद्ध की शोभा बढ़ाने वाला वीर ।

रू० भे०—रणमांडण ।

रणमंडप–सं. पु. [सं. रणमंडपः] १ पृथ्वी भूमि ।

२ युद्ध स्थल, लड़ाई का मैदान ।

रणमंडा–सं. स्त्री.–पृथ्वी, भूमि । (डिं. को.)

रणमत्त–सं. पु. [सं.] हाथी, गज ।

वि०—युद्ध का मतवाला ।

रणमल्ल–सं. पु. [सं] योद्धा, सुभट, वीर ।

रणमांडण–देखो 'रणमंडण' (रू. भे.)

रणमांनी–वि. [सं. रणमानिन्] वीर, बहादुर, पराक्रमी ।

उ०—इण कुळ ही देवट अभिधांनी, मही भुजंग हुवौ रणमांनी । कुळ जिण रा देवड़ा कहाय, दांन समर अनुपम दरसाय ।

—वं. भा.

रणरंक–सं. पु.–हाथी के दोनों दांतों (बाहर दिखने वाले) के बीच का स्थान ।

रणरंग–सं. पु. [सं] १ युद्ध की उमंग या उत्साह ।

२ समर भूमि, युद्धस्थल ।

३ युद्ध, संग्राम ।

रणरणक–सं. पु.–१ कामदेव का एक नाम ।

२ प्रबल इच्छा, पिपासा ।

३ विकलता, घबराहट, त्वरा ।

४ देखो 'रणकार'

रणरणाट, रणरणाटि–सं. स्त्री.–किसी वाद्य की आवाज, ध्वनि, शब्द ।

उ०—ढोल तरणै ढमढिमाट, पटह तरणै गुम गुमाटि, रणतुर तरणै **रणरणाटि** घोडा तरणै हिसाटि।

—ब. स.

रणरसियौ, रणरसु–वि. [सं. रणम्+रसिकः] युद्ध रसिक, पराक्रमी, वीर, योद्धा।

उ०—१ सखी अमीणौ साहिबौ, जम सूं मांडै जंग। ओळै अंग न राखही, **रणरसियौ** दै रंग।

—वां. दा.

उ०—२ तीछे हूंफी ऊठइ करणु, अरजुनु पांमइ मूं करि मरणु। रोसि ऊठइं बेउ झूझेवा, **रणरसु** जोइं देवी देवा।

—सालिभद्र सूरि

रणराग–सं. स्त्री.–सिंधु राग, वीर राग।

उ०—दीनी सांवळां **रणराग** दुहौं। हिक वार पाबू मन मोद हुवौ।

—पा. प्र.

रणरीढ–वि.–युद्ध में तलवार चलाने वाला, योद्धा।

रणरुह, रणरूह, वि.–जिसे युद्ध की उमंग हो, उत्साह हो।

उ०—दिल्ली हूंत दुरूह, अकबर चढ़ियौ एकदम। रांण रसिक **रणरूह**, पलटै केम प्रतापसी।

—दुरसौ आढौ

रणरोहि, रणरोही–सं. स्त्री.–१ निर्जन-वन, शून्य-जंगल, बीहड़ वन।

उ०—गुणी सपत सुर गाय, कियौ किसब मूरख कनै। जांणै रूनौ जाय, **रणरोही** में राजिया।

—किरपारांम

रू० भे० रनरोई, रनरोहि, रनरोही।

रणलक्ष्मी, रणलखमी, रणलिखमी–युद्ध में विजय प्राप्त कराने वाली एक देवी, विजय लक्ष्मी।

रणवंकौ–देखो 'रणबंकौ' (रू. भे.)

उ०—कर वागां नर भूंबिया, तिजड परक्खै ताव। अगसंका आगै इता, **रणवंका** उमराव।

—रा. रू.

रणवट्ट–सं. पु.–१ क्षत्रित्व, वीरत्व।

उ०—रिमराह तियार बंधै **रणवट्टां** 'खेम' समोभ्रमि रोकि खळां। रूकै रिमराह बहादर राजै, भार ग्रहै निय भूग्रबळां।

—गु. रू. बं.

२ युद्ध का मार्ग।

रू० भे०—रणवाट।

रणवरणौ, रणवरणबौ–देखो 'रणकरणौ, रणकबौ' (रू. भे.)

उ०—**रणवरणीया** सवि संख तूर अंबरु आकंपीठ। हय गयवर खुरि खणीय रेणु ऊडीक जगु झंखीउ।

—सालिभद्र सूरि

रणवाइ सं. पु.–युद्ध की चुनौती,।

उ०—दिवस सात जां इण परि जाइं तां अच्चभू को **रणवाइं**। एतइं आविउं कटकु अपारु पंडव धाया लेई हथियार।

—सालिभद्र सूरि

रू० भे०–रणवाद।

रणवाट–देखो 'रणवट्ट' (रू. भे.)

उ०—कहर खग झाटरण वीर दूजा 'कुसळ' खाटगा विरद फौजां गजां खभ। पाट रा थंभ **रणवाट** रा थंभ पण, थाट रा राज रा मिसल रा थंभ।

—सेरसिंह मेड़तिया रौ गीत

रणवाद–देखो 'रणवाइ' (रू. भे.)

रणवादी–वि.–योद्धा, वीर।

रणवास–सं. पु.–१ अन्तःपुर, रनिवास, जनानखाना।

उ०—१ पछै इंद्र मात आसेर वरण पधारचा, दिई जिण नींव अवदात दाढी। करी घण क्रपा **रणवास** पावन करण, चरण रज रांणियां सीस चाढी।

—मे. म.

उ०—२ बूंदी महाराज छत्रसाल जी ने उदैपुर रांणौ अड़सीजी सिकार रमतां चूक कर गोळी चलाई सो मुरछा आय गई, उतरै बूंदी **रणवास** में मौळियौ गयौ तद वारें माता कयौ थें सत मत करौ इण म्हारौ दूध लजायौ।

—वी. स. टी.

२ अन्तःपुर में रहने वाला स्त्री-समुदाय।

उ०—पाती बाची आ तौ सजन समाज। पाती बाची आ तौ गारौ **रणवास**।

--गी. रां.

३ रानी।

उ०—राजा निय **रणवास** हूं, अक्खी एक सू बत्त। अण सोभा खत्री ध्रम, चित्र सोभा पतिव्रत्त।

—गु. रू. बं.

रू० भे०–रणिवास, रनवास, रनिवास।

रणव्रति, रणव्रती–सं. पु.–सैनिक, योद्धा।

रणसिग्गौ, रणसिंघौ, रणसींगौ–सं. पु.–१ युद्ध के समय बजाया जाने वाला एक वाद्य जो सींग का बना होता है।

उ०—१ तुरी करनाळ **रणसींगौ** वाज रह्यौ छै।

—रा. सा. सं.

उ०—२ दया **रणसिंघौ** वाजियौ, जागौ जागौ नरनार। मुगत नगर में चालणौ तुमे वैगा हुयजौ त्यार रै।

—जयवांणी

रणसुणौ, रणसूणौ–वि.–युद्ध में झूंझ कर वीरगति प्राप्त करने वाला।

रणस्तंभ–देखो 'रणथंभ' (रू. भे.)

रणस्थल–सं. पु. [सं.] युद्ध का मैदान, रणक्षेत्र।

रू० भे०–रणथळ।

रणांक–देखो 'रणक' (रू. भे.)

रणांगण, रणांगन–सं. पु. [सं. रण+अंगनं] रणभूमि, रणक्षेत्र।

उ०—ईम अरजन **रणांगण** रूधउं, बांण पंजरि घणउं दळ सूधउं आकुलउ अति सुयोधन हूउ, कउण जीवइ किहां कुण मूउ।

—सालिसूरि

रू० भे०–रिणंगण।

रणि–१ देखो 'रण' (रू. भे.)

उ०—१ चांपां धणी मांडिया चावै, वीठळ खळां सरिस खग वाहि। अड़ियौ 'जसै' मेल्हियौ ऊभौ, पड़ियै **रणि** पायौ पतिसाहि।

—विठळदास चांपावत रौ गीत

उ०—२ रांमा अवतारि वहै **रणि** रावण, किसी सीख करुणाकरण।

—वेलि

२ देखो 'रेण' (रू. भे.)
३ देखो 'रिण' (रू. भे.)
४ देखो 'रिणी' (रू. भे.)

रणियु–देखो 'रिणी' (रू. भे.)

उ०—तेहनि सुत नल नांमि सुंदर, जांणौ मन्मथ यणियु। देव पितर नि मनुस्य तणौ रे, राय टल्यु ते **रणियु**।

—नळाख्यांन

रणिवाउल. रणिवाउलौ–वि. [सं. रणवातुल] युद्धोन्मत।

उ०—पहिली तुरक तणी ऊठवणी, **रणिवाउला** विछूटा। घोडे माटे देई हींदू नी, फोज मांहि जई फूटा।

—कां. दे. प्र.

रणिवास–देखो 'रणवास' (रू. भे.)

रणी–वि.–१ योद्धा, वीर।

२ देखो 'रण' (रू. भे.)
३ देखो 'रेण' (रू. भे.)
४ देखो 'रिणी' (रू. भे.)

रणुंकार–देखो 'रणकार' (रू. भे.)

उ०—**रणुंकार** की धुंन सूं, यूं कर जीव जगीजे ए। स्रवण सुची रुची धारके, सार अनहद को लीजे ए।

—स्री सुखरांमजी महाराज

रणु–देखो 'रण' (रू. भे.)

उ०—करि करवालु जु करीउ करणु समहरि **रणु** माडइ। फारक पायक तुरग, नाग नवि कोइ छंडइ।

—सालिभद्र सूरि

रणेचर–सं. पु. [सं. रणचर] विष्णु।

वि.–१ योद्धा, वीर।

२ मांसाहारी।

रणेत–देखो 'रनेत' (रू. भे.)

रणेस–सं. पु. [सं. रणेश] १ विष्णु।

२ शिव।

वि.—योद्धा, वीर।

रणोई–सं. स्त्री. [सं. रण+रा. रोही=सुनसान] २ युद्धस्थल, रणभूमि।

उ०—रण खेतां में ऊगै नाहीं दूब, कोई **रणोई** तो बोलै आधी रात ने ए मोरी सइयां।

—अग्यात

रू० भे०–रिणोई, रिणोही।

रणौ–देखो 'रण' (रू. भे.)

उ०—गाया म्हैं मांगिया पखै गुण, गढपति गांमां पती गणौ। मोटा खत्री द्रवौ मेवाडा, रांण खत्री वंस तणौ **रणौ**।

—दुरसौ आढौ

रतंग–सं. पु.–रक्त, खून।

उ०—१ रवदां खग बाहतौ रांमावुत, रेण पुड़ भेदियौ **रतंग**। भुजंग सुपेद लाल रंग भेदियौ, भूली तिण आंटै भुयंग।

—चतुरा रांमावत रौ गीत

उ०—खळ कटै सहेता जरद खगां खतंग, खळक घावां **रतंग** दरद खाथै। तठै लड़वा घड़ी खेल रीझव पतंग, मरद सुजड़ी जड़ी मतंग माथै।

—गुलाबसिंह चूंडावत रौ गीत

वि. [सं. रक्त+अंग] रक्तिम, लाल।

रतंनागर—देखो 'रत्नाकर' (रू. भे.)

उ०—ए **रतंनागर** पास गोमती, जादव जगत्र नरेस। हरख वदन हुआ हरि जोसी, कीधुं अग्र प्रवेस।

—रुकमणि मंगळ

रतंबर—वि. [सं. रक्ताम्बर] रक्त वर्ण, लाल।

उ०—कख काजळ जळ चलै रार डांसियां **रतंबर**। अंग तणांच आछटैं ओढ न्हांखै सिर अंबर।

—पा. प्र.

रत—सं. पु. [सं. रतम्] १ रति-क्रीड़ा, मैथुन, संभोग।

उ०—१ वीरपाळ साह री वेटी गौरज्या विधवा वरस तेरह री पुसकरजी ऊपर तप करती। नवै वरस च्यार हुआ जद जबरी सुं वीसळदे इण सू **रत** कियौ।

—वां. दा. ख्यात

उ०—२ **रत** ज्यूं दत जाचक रसक, जांचै बे कर जोड़। ननौ भंणै नव नार ज्यूं, मूढ क्रपण मुख मोड़।

—वां. दा.

२ प्रेम, प्रीति, प्यार।

[सं. रति] ३ कामदेव की स्त्री रति।

उ०—रावण ससा दिग्गज रूप दंडकबन रमैं, निरलज सुपनखा तिण नांम नरक अनंग में। सीतानाथ आगळ सार आई विण समै, भाळ सकाति अदभुत नरम सुचि **रत** संभ्रमें।

—र. रू.

४ गुप्तांग।

५ हर्ष, खुशी, आनन्द।

[सं. रात्रि] ६ रात्रि, रात।

उ०—१ सो पीउं छंदि हथड़ै, सरस पत्रीभत। जांगुं ढोलौ जागवी, गळती मझम **रत**।

—ढो. मा.

उ०—२ मंझि समंदां वींट घर, जळ सूं जांमौ पत्त। किणही अवगुण कूंझड़ी, कुरळी मांझिम **रत्त**।

—ढो. मा.

[सं. ऋतु] ७ ऋतु, मौसम।

उ०—१ वाघ सिंघ वितर घणा, भुंइ वीहती चालइ रे। चालइ नइ सालइ वरसा **रत** घणु ए।

—नळदवदंती रास

उ०—२ आवी सब **रत** आंमळी, त्रिया करइ सिणगार। जिका हिया न फाटही, दूर गया भरतार।

—ढो. मा.

[सं. रक्त:] ८ रक्त, खून, रुधिर।

उ०—१ उडै पग हात किरका हुवै अंग रा, बहै **रत** जेम सावण बहाळा। आप आपौ वरी जोयनै आड़ियां, लड़ै रिण भळभला निराताळा।

—र. रू.

उ०—२ ढहै ढींचाळ **रत** खाळ खळकै धरा। जुड़ै धड़पड़ै भड़दड़ जड़ालै।

—नैणसी

उ०—३ भव-नार फिरै **रत** पत्र भरै, जुड़ बाक गिरै काई छाक जरै।

—रा. रू.

उ०—४ कठठी बे घटा करै काळाहणि, समुहै आंमहौ सांमुहौ। जोगिणि आवी आडंग जांणे, बरसै **रत** बेपुड़ी वहै।

—वेलि.

वि. [सं. रत] १ प्रेम में फंसा हुआ, अनुरक्त, आशक्त।

उ०—१ नारी नागिनि एक-सी, बाघिनी बड़ी बलाइ। दादू जे नर **रत** भये, तिनका सरवस खाइ।

—दादू बांणी

उ०—२ लग्गी हांम विलासं, वित्ती अग्यात प्रात मध्यांनं। सायंकाल निसीतं, **रतं** भूप चूंप मदनायं।

—रा. रू.

२ मुग्ध, मोहित।

३ मस्त, मग्न।

उ०—१ महीना बारै होय गया छै, म्यारांमजी मैलां मैं **रत** होय रहा छै।

—मयारांम दरजी री बात

उ०—२ अैसे वन में **रत** थकौ, करतौ केळि किलोळ। निडर थकौ विचरत सदा, संग लिये सब टोळ।

—गज उद्धार

४ लीन, तल्लीन, तन्मय।

उ०—१ रहै **रत** ध्यांन अठयासी रिक्ख, लहै नंहं पार ब्रह्म्मा लक्ख।

—ह. र.

उ०—२ राता तत चिंता रत चिंता **रत**, गिरि कंदरि घरि बिन्है गण। निद्रावस जग एहु महानिसी, जांमिण कांमिण जागरण।

—वेलि

उ०—३ अह मत तज ईसर भज ईसर, करणाकर सधर सुतन दसरथ कौ। यक छिन तन ऊधारण, **रत** कर चित्त **चरण** रघुबर रे।

—र. ज. प्र.

५ प्रसन्न, खुश ।

६ प्रिय ।

उ०—और वस्त रत नहीं मुहि भावै (हो रांणाजी) यह गुरुम्यांन हमारा । —मीरां

७ युक्त ।

उ०—१ संपेख अग नग साखसी, रत रोस मारग राखसी । तिंह नाक पांण विछेद पाडै, बांण इक रघुबीर । —र. रू.

[सं. रक्तम्, रक्तः] ८ लाल ।

उ०—बाबहिया रत पंखिया, बोलह मधुरी वांणि । काइ लवंतउ माठि कर, परदेसी प्रिउ आंणि । —ढो. मा.

रू० भे०—रति, रत्त ।

रतकील, रतकीलर—सं. पु. [सं. रतकीलः] श्वान, कुत्ता । (अ. मा.)

रतखाळ, रतखाळौ—सं. पु. [सं. रक्तः+रा. खाळ] रुधिर का नाला, खून की धारा ।

उ०—१ पड़ै बुरजां धजां ऊपरै पाथरां, सूर जमहर करै पड़ै सारां । पड़ै परनाळ रतखाळ चीखळ पड़ै, बीढि पड़ै गौड़ गढ़ पड़ै वारां । —उदैभांण हरभांण गौड़ रौ गीत

उ०—२ रिळिया रिणताळां कट किरमाळां, सीस भुजाळां सूंडाळा । चालै रतखाळां तेण विचाळां, पंखणियाळा पोखंतू । —भगतमाळ

रतग—सं. स्त्री.—कोयल । (अ. मा.)

रतगुरु—सं. पु. [सं.] पति, खांविंद ।

रतचंदण, रतचंदन—देखो 'रक्तचंदन' (रू. भे.)

उ०—घणा रत डूब.फटा खिळ घाट । पड़ैं रतचंदण जांणि कंपाट । —सू. प्र.

रतजगौ—देखो 'रातीजोगौ' (रू. भे.) (मा. म)

रतडउ—देखो 'रातौ' (अल्पा., रू. भे.)

रतण—देखो 'रत्न' (रू. भे.)

उ० -- दियौ गाजता गयंद, दियै तोखार विवह परि । दियै गांव कोठारि, दियै रतण थाळां भरि । —जगदेव पंवार री बात

रतणाकर—देखो 'रत्नाकर' (रू. भे.)

उ०—चरण पखारचां रतणाकर री धारा गोमत जोर । धजा पताका तटतट राजां झालर री झक झोर । —मीरां

रतदांन—देखो 'रतिदांन' (रू. भे.)

उ०—एह समिए एक अगन, सांमी मिळी सुजांन । देह अग रतदांन मोही, विरह संतावत वांन ।

—कल्यांणसिंह नगराजोत वाढेल री बात

रतद्रग—देखो 'रक्तनेत्र' (अ. मा.)

रतन—सं. पु.—१ सूर्य, रवि । (अ. मा.)

२ चन्द्रमा, शशि । (अ. मा., ना. डिं. को.)

३ उडगन, तारा ।

उ०—रतनां छाई रात । —अग्यात

४ द्दग, नैत्र, आंख । (ना. डिं. को.)

उ०—मौ सजन चालंतड़ां, रोय रोय गमै रतन । पडीया विसरा चौसरा, आंसु मोती व्रन । —ढो. मा.

५ अमृत, सुधा । (अ. मा., ह. नां. मा.)

६ शंख । (अ. मा., ह. नां. मा.)

७ छप्पय छंद का बासठवां भेद जिसमें ९ गुरू व १३४ लघु होते हैं । मतान्तर से १२ गुरु व १२८ लघु भी होते हैं ।

८ एक छंद विशेष जिसमें प्रथम दो जगण, एक सगण, एक नगण तथा अंत लघु-गुरु होते हैं ।

९ डिंगल के वेलिया सांणोर (छोटा सांणोर) छंद का एक भेद विशेष जिसके प्रथम द्वाले में ४ लघु ३० गुरु कुल ६४ मात्राएं होती हैं तथा इसी क्रम से शेष द्वालों में ४ लघु ५८ गुरु कुल ६२ मात्राएं होती हैं । —पिं. प्र.

१० एक मात्रिक छंद विशेष जिसमें १३ मात्राएं व अंत गुरु-लघु होता है । (र. ज. प्र.)

रू० भे०—रतन्न, रतन्नि ।

११ देखो 'रत्न' (रू. भे.)

उ०—१ मुरधर में 'पातल' मरद, इक्को रतन अमोल । लोकां ने तो लादसी, मरियां पाछें मोल । —ऊ. का.

उ०—२ पायौ जी म्हैं तो रांम रतन धन पायौ ।

—मीरां

उ०—३ सूरज खांखळ रतन सल, पोहमी रिण जळ पंक । कायर कटक कळंक इम, कुकवी सभा कळंक । —बां. दा.

उ०—४ भूप जड़ावै मुगट मझ, रोहणगिर उतपत्त । निस दीपग प्रतिनिध रतन, प्रभा अपूरब भत्त । —बां. दा.

उ०—५ कूंभाथळ मोताहळां, भरिया वप गिर भांत । चंद्र वरण गज रतन मैं, बंगड़ बणिया दांत । —बां. दा.

उ०—६ मोर मुकट वनमाळ, माळ तुलसी नव मंजर । रुचि कुंडळ कळ रतन, तिलक मंजुल पीतांबर । —रा. रू.

रतनकर—देखो 'रत्नकर' (रू. भे.) (नां. मा., ह. नां. मा.)

रतनकचोळियौ, रतनकचोळौ—सं. पु.—कटोरा, प्याला ।

उ०—१ पेट गवां की जी लोथ, मिरगानैणी जी राज, सूंडी तौ कहियै **रतनकचोळियां** जी, म्हांरा राज। —लो. गी.

उ०—२ महंदी भीजै भीजै **रतनकचोळै** बीच। पेम रस महंदी राचणी। —लो. गी.

रतनकांबळ, रतनकांबल—देखो 'रत्नकंबळ' (रू. भे.)

उ०—पछि वस्त्र पहिरावइ, देवदूखित वस्त्र, **रतनकांबल**, चीर, सोनइरी पांमरी खीरोदक खासा अधोतरी......। —व. स.

रतनकूट—देखो 'रत्नकूट' (रू. भे.)

रतनगरभ—देखो 'रत्नगरभ' (रू. भे.)

रतनगरभा—देखो 'रत्नगरभा' (रू. भे.)

रतनगिरि, रतनगिरी—देखो 'रत्नगिरि' (रू. भे.) (अ. मा., ह. नां. मा.)

रतनघर—देखो 'रत्नघर' (रू. भे.) (पिं. प्र.)

रतनचंद्र—देखो 'रत्नचंद्र' (रू. भे.)

रतनचौक—स. पु.—एक आभूषण विशेष।

उ०—जड़ाव रा बाजूबंध कांकण **रतनचौक** आरसी बींटी विराज रही छै। वळै चूड़ौ सोनैरी बंगड़ीदार विराजै छै। —रा. मा. सं.

रतनजोत, रतनजोतियौ—सं. स्त्री.— १ एक प्रकार की मणि।

सं. पु.—२ काश्मीर व कुमाऊ की पहाड़ियों में पाया जाने वाला एक क्षुप विशेष।

३ पुनर्नवा नामक क्षुप विशेष।

४ एक प्रकार का पौधा जिसके दूध के लगाने से तलवार का घाव मिट जाता है।

उ०—जांणणिर **रतनजोत** रा, पय रौ प्रथक प्रभाव। गात करै घण घाव वौ, घणा भरै औ घाव। —रेवतसिंह भाटी

रतनपारख—देखो 'रत्न परीक्षा' (रू. भे.)

रतनपारखी, रतनपारखू—देखो 'रत्न परीक्षक' (रू. भे.)

रतनपेच—सं. पु.—शिर में पगड़ी के साथ धारण करने का आभूषण विशेष।

उ०—मोतियां का तुररा **रतनपेचूं** के बीच ऐसा दरसाए। मांनू नवग्रह पास तारा गण आए। —सू. प्र.

रतनभरी—देखो 'रत्नभरिता' (रू. भे.)

उ०—एतइं अतिरथि सारथि आवइ। करण तणुं कुलु राउ जणावइ। मइं गंगा ऊगमतइ दीस लाधी **रतनभरी** मंजुस। —सालिभद्र सूरि

रतनमालती—सं स्त्री. १ एक प्रकार की लता।

२ उक्त लता का फूल। (अ. मा.)

रतनमै—वि. [सं. रत्न—मय] रत्नों से युक्त।

उ०—मुख सिख संधि तिलक **रतनमै** मंडित, गयौ जु हूंतौ पूठि गळि। आयै क्रिसन मांग मग आयौ, भाग कि जांणै भालियळि। —वेलि

रतनरांणौ—सं. पु.—१ ऊमरकोट के सोढा रांणा रतनसिंह की याद में गाया जाने वाला एक लोक गीत।

रतनरासी—देखो 'रत्नरासि' (रू. भे.)

रतनसांन, रतनसांनु—देखो 'रत्नसांनु' (रू. भे.)

रतनसिंहोत—सं. पु.—राठौड़ों की एक उपशाखा व इस शाखा का व्यक्ति।

रतनांगरभ—देखो 'रत्नगरभा' (रू. भे.) (डिं. को.)

रतनांळिय—सं. पु.—१ एक मांसाहारी पक्षी जिसकी चोंच लाल होती है।

उ०—गिर स्रांग तजै त्रड माग ग्रही। **रतनांलिय** अंबर लाग रही। —पा. प्र.

२ रुधिर—नाली।

रतनाकर, रतनागर, रतनाघर—देखो 'रत्नाकर' (रू. भे.) (अ. मा., डिं. नां. मा., ह. नां. मा.)

उ०—१ वय किसोर ऊतरै, जोर जोबन परगट्टै। अणमायौ अंब मैं, ति किरि **रतनाकर** तट्टै। —रा. रू.

उ०—२ बदळी ए म्हांरौ चांद छिपायौ **रतनागर** गूं नीर जे भरियौ बरसण ने बेरौ ए लगायौ। —लो. गी.

उ०—३ मथै **रतनागर** माहव मन्न। रंभा सु पसाय गृं लीध रतन्न। —मा. वचनिका

उ०—४ करमसीहौ खत्री करम का उजागर। कांम कांम अवसांण मांम का **रतनागर**। —रा. रू.

रतनार—वि.—१ लाल रंग का, लाल।

२ सुर्खी लिए हुए, सुर्ख।

रू० भे०—रतिनार।

सं. पु.—पुरुवंशीय रंतिभार राजा का नामान्तर।

रतनारा, रतनारी—सं. स्त्री.—१ लालिमा, लाली।

२ सुर्खी।

रतनाळ, रतनाळिय, रतनाळी, रतनाळीय, रतनाळौ—वि.—लाल, सुर्ख

उ०—१ जो जो झांवड़ियां जाती जतनाळी। रौ रौ आंखड़ियां राती **रतनाळी**। —ऊ. का.

उ०—२ धन धन देव देव जगंनाथ। अमर काया **रतनाळीय** आंख। —बी. दे.

उ०—३ इण भांति री तूं जी हलका ज्यौं लचकती, **रतनाळा** लोचनां, अणिआळा काजळ सारीजै छै। —रा. सा. सं.

उ०—४ बांहुडीयां **रतनाळीयां**, छकी भूह नैरोह। जरा जरा साथ न बोलही, मारु सुगंध घरोह। —ढो. मा.

रतनावळी—देखो 'रत्नावली' (रू. भे.) (अ. मा.)

रतन्न—१ देखो 'रतन' (रू. भे)

उ०—१ 'वीक' हर राउ सांभळि बचन्न, रीसाइ किया राता **रतन्न**। ऊससिय वोमि लागउ अबीहं, सांभळिए कथिने जइतसीह। —रा. ज. सी.

उ०—२ राता किया **रतन्न**, तै बिछड़ता दिन तिकरा। विछुहा मोती वन्न, वे आंसू सालै अजै। —अग्यात

२ देखो 'रत्न' (रू. भे.)

उ०—१ नमो कंस-केसि-बिधूसरा कन्ह।
रूकम्मरिग-प्रांरा पुरुक्ख **रतन्न**। —ह. र.

उ०—२ अगम अगोचर राखिये, कर कर कोटि जतन्न। दादू छांना क्यों रहै, जिस घट रांम **रतन्न**। —दादूवांणी

उ०—३ जस गाडा भरियौ जुड़ै, जग सो करौ जतन्न। औ आभरणां आभरण, रतनां सिरै **रतन्न**। —बां. दा.

रतन्नगरभा, रतन्नग्रभ्भा—देखो 'रत्नगरभा' (रू. भे.)

उ०—सुवपि सोळ स्रंगार, लाज बत्रीसइ लक्खरा। खम्या धरम धीरज, सील संतोख सतोगुरा। रंभा देवांगना, **रतन्नगरभा** पति रत्ती। गंगा गवरि लिछम्मि, जिसी सीतासतवंती। अखेराज वंस जसराज धू, धू जिम धाररा नह फिरी, 'अमरेस' पुत्र जिरा जमियौ, धन चहुवांरा करोगिरी। —गु. रू. बं.

रतनासबोध—सं. पु.—सागर, समुद्र।

रतन्नि,—१ देखो 'रत्न' (रू. भे.)

उ०—१ वर्णै सांमलौ गात झीरो वसन्ने, तिसी भूखरो जोत मोती **रतन्ने**। —रा. रू.

उ०—२ रमणी घणीं रूपि **रतन्नि**, निरखी एकाएक असंम। पण जाळोर नगर पदमनी, दीठी गउखि जांणि दांमिनीं। —ढो. मा.

२ देखो 'रतन' (रू. भे.)

रतपंड—देखो 'रक्तपिंड' (रू. भे.)

उ०—पिंड विहंड बह भरत **रतपंड**। सिहंड ध्वज मुख वयंड ध्वजसंड। —सू. प्र.

रतपति, रतपती—देखो 'रतिपति' (रू. भे.) (अ. मा.)

रतपरस—सं. पु. [सं. ऋतु-स्पर्श] श्वान, कुत्ता। (अ. मा.)

रतपिंड—देखो 'रक्तपिंड' (रू. भे.)

उ०—वढै वप वीजळ खंडविहंड। पड़ै धर तांम किया **रतपिंड**। —सू. प्र.

रतफळ—सं. पु.—वट वृक्ष। (अ. मा., नां. मा., ह. नां. मा.)

रतबंध—देखो 'रतिबंध' (रू. भे.)

रतबीज—देखो 'रक्तबीज' (रू. भे.)

रतमुंहौ—वि. [सं. रक्त+मुख] १ लाल मुंह वाला।

२ जिसका मुख रक्त से सना हो।

रतमेळ—देखो 'रतिमेळ' (रू. भे.)

रतरस—सं. पु. [सं. रतिरस] श्रृंगार रस। प्रेम रस।

रतराज—देखो 'रितुराज' (रू. भे.)

रतळ—देखो 'रताळू' (रू. भे.)

रतवंती—देखो 'रतिवंती' (रू. भे.)

रतवा—सं. स्त्री.—१ एक प्रकार की घास जो घोड़ों के लिये अच्छी समझी जाती है।

२ गेहूं की फसल का एक रोग।

३ बालकों का एक रोग, जिसके कारण शरीर पर लाल लाल फुंसियां हो जाती हैं।

रतवाह, रतवाहौ—देखो 'रातीवाहौ' (रू. भे.)

उ०—१ **रतवाह** पाबू पर······। —पा. प्र.

उ०—२ पडसां **रतवाहै** रवदां पर, आवै आप करीजौ ऊपर। —पा. प्र.

रतवील—सं. पु.—श्वान, कुत्ता। (अ. मा.)

रतसांई—सं. पु. [सं. ऋतुस्वामी] कुत्ता, श्वान। (अ. मा.)

रतांजणि, रतांजणी—सं. स्त्री.—वनस्पति विशेष।

उ०—१ रांमोडी नइं रासना रींगिणी रुद्र-जटाय। रांग **रतांजणि** रुमड़ी, रनिवनि रंग धराय। —मा. कां. प्र.

उ०—२ रावण रांग **रतांजणी** रवणी नइं रुद्राख। रुकरुदंती रायसलि, रोहड रोहिणि लाख। —मा. कां. प्र.

रतांनी—वि.—लाल मुंह वाली (भेड़)।

रता—सं. स्त्री.—दक्ष प्रजापति की एक कन्या, जो धर्म ऋषि की पत्नी थी।

वि.–अनुरक्त, आशक्त, रत ।

रताळ, रताळू–सं. पु.–पिंडालू नामक कंद, जिसकी तरकारी बनती है ।

उ०—१ अमरकंद आदू अलां, सूरण रोभ **रताळ** । वच्छ नाग वाकुंभियां, भेडागारी भालि । —मा. कां. प्र.

उ०—२ अजरख जमीकंद **रताळू** का विसतार । अंबु नींबू अंगीर कैरू का आचार । -- सू. प्र.

रू० भे०–रतळू ।

रति–सं. स्त्री. [सं.] १ धर्म ऋषि के पुत्र कामदेव की स्त्री, जो दक्ष प्रजापति की पुत्री थी ।

उ०—१ इक दिस कांन्ह इक दिस राधा । **रति** मनमथ दोऊ लख लाजै । —रसीलैराज रौ गीत

उ०—२ वसुदेव पिता सुत थिया वासुदे, प्रदुमन सुत पित जगत पति । सासू देवकी रांमा सु वहू, रांमा सासू वहू **रति** । —वेलि

उ०—३ दीसती मनोहारिणी इसी की स्वरग आवी उरवसी, सुवरण्ण चंपक गोरी, इसीउ आवी गोरी, राजहंस गति कि दीसती छइ **रति**, वचन विग्यांनवती सरस्वती । —व. स.

२ रति क्रीड़ा, काम क्रीड़ा, संभोग, मैथुन ।

उ०—१ संकुड़ित समसमा संध्या समयै, **रति** वंछति रुखमणि रमणि । पथिक वधू द्रिठि पंख पंखियां, कमळ पत्र सूरिज किरणि । —वेलि

उ०—२ मंदिरंतरि किया खिणंतरि मिळिवा, विचित्रे सखिए समाव्रत । कीधै तिणि वीवाह संसक्रित, करण सु तणु **रति** संसक्रत । —वेलि

उ०—३ संध्या कौ समय हुऔ छै । क्रस्णजी **रति** बांछै छै । —वेलि टी.

३ मैथुन या संभोग की इच्छा, काम वासना ।

उ०—येक तौ तत चिंता सो राता छै । परमेस्वर स्यूं लीन हुआ । अर दूसरा **रति** सौं राता छै । —वेलि टी.

४ प्रीति, प्रेम, अनुराग ।

५ आनन्द, तृप्ति, संतुष्टि ।

६ किसी में रत होने की दशा या भाव, आशक्ति ।

७ कान्ति, दीप्ति, आभा, सुंदरता, छबि, शोभा ।

उ०—कुळ वैदही जनकजा **रति** कोटी अभिरांम ।

—अवधांन माळा

८ सौभाग्य ।

९ गुप्त भेद, रहस्य ।

१०–श्रृंगार रस में स्थाई भाव । (साहित्य)

११ अलकापुरी की एक अप्सरा ।

१२ ऋषभदेव के वंशज, विभुराजा की पत्नी और पृथुषेण की माता ।

१३ सोना, औषधि आदि तोलने का एक तोल विशेष ।

१४ घुघची ।

रू० भे०—रंति, रइं, रइ, रई, रती, रत्ति ।

१५ देखो 'रितु' (रू. भे.)

उ०—१ साहब स्यांम समाळ, सहेत सहेलियां । रूड़ै नीर सुगंध, धरा रंगरेलियां । **रति** अनुकूळ विलास घणां रळियांमणा, भीसग दीसै इंद्र लिवूं हूं भांमणा । —बां. दा.

उ०—२ **रति** छह मेह अणल्हेह दूजौ रयण । तेह राखण जुगां चार तांई । —छत्तरसिंह हाडा रौ गीत

३ धर अंबर धड़हड़ै, छिपां धूमर भर छाए । रज अंबर अरड़ाव जेठ **रति** जिम चढि आए । —सू. प्र.

१६ देखो 'रात' (रू. भे.)

उ०—राजा फूलरि रांणियां, सोहै ईहीं भांति । किरि वेधांणी किरतियां, चंदौ पूनम **रति** । —गु. रू. बं.

१७ देखो 'रत' (रू. भे)

उ०—१ मुनेसर मन अनंग सुमति । रंगै बद अंग विखै रंग **रति** । --रांमरासौ

उ०—२ दीया दे दे पौढती, रहती पीया **रति** । जन हरिया जम आयकै, लेग्यौ आगै घति । —अनुभववांणी

१८ देखो 'रत्ती' (रू. भे.)

रतिक–देखो 'रत्तीक' (रू. भे.)

रतिकर–वि. [सं.] १ आनन्द व सुखप्रद ।

२ कामी, विलासी, विलासप्रिय ।

सं. पु.–कामी व्यक्ति ।

रतिकळह–सं. पु. [सं. रतिकलहम्] रतिक्रीड़ा, संभोग, मैथुन ।

रतिकळा, रतिकला–सं. स्त्री. १ श्रीकृष्ण की एक प्राणसखी ।

२ मैथुन कला ।

रतिकांत–सं. पु. [सं.] रतिपति कामदेव ।

रतिका–सं. स्त्री. [सं.] संगीत के ऋषभ स्वर की एक व अंतिम श्रुति ।

रतिकील–सं. पु. [सं.] कूकर, श्वान । (ह. नां. मा.)

रतिकुहर–सं. पु. [सं.] योनि, भग ।

रतिकेळि–सं. स्त्री.–संभोग, मैथुन ।

रतिक्रिया-सं. स्त्री.-संभोग, मैथुन ।

रतिगुण-सं. पु. [सं.] एक देवगंधर्व जो, कश्यप एवं प्राधा के पुत्रों में से एक था ।

रतिग्रह-सं. पु. [सं. रतिगृह] १ योनि, भग ।
२ केलिगृह ।

रतिताल-सं. पु.-संगीत में ताल के साठ मुख्य भेदों में से एक ।

रतिदांन-सं. पु.-संभोग की आकांक्षा वाली स्त्री के साथ किया जाने वाला संभोग, मैथुन ।

उ०-देवरणनै **रतिदांन** जाच जाचूं फिर जाचूं । रीझावरण दिन रात नाच नाचूं फिर नाचूं । —ऊ. का.
रू० भे०—रतदांन

रतिनाग-सं. पु. [सं.] कामशास्त्र के अनुसार सोलह प्रकार के रतिबंधों में से एक ।

रतिनाथ, रतिनायक-सं. पु. [सं] कामदेव । (डि. को.)

रतिनार-सं. पु. [सं.] १ पुरुवंशीय रंतिभार राजा का नामान्तर ।
२ देखो 'रतनार' (रू. भे.)

रतिनाह-सं. पु. [सं. रतिनाथ] रतिपति कामदेव ।

रतिपति, रतिपती-सं. पु. [सं. रतिपति] कामदेव ।

उ०—१ अत परमल पसर पसरिया आंबा, सुक पिक बोलै सुखद सराग । **रतिपति** तांरगै धनुख जठै रुच, बरसांरगै देखरग ज्यूं बाग । —बां. दा.

उ०—२ **रतिपति** रयरिग दिवस संतापति, व्यापति बिरह दुक्ख दियु दियु रे । राजुल कहइ सखि सांमि सुंदर विरगु, कइसइ ठौर रहइ जियु जियु रे । —स. कु.
रू० भे०-रतपति, रतपती, रतीपति, रतीपती ।

रतिपद-सं. पु.-नव अक्षर का एक वृत्त जिसमें आठ लघु और अन्त में एक गुरु होता है । (र. ज. प्र.)

रतिप्रिय-सं. पु. [सं.] कामदेव ।
वि.-कामुक, विलासी ।

रतिप्रिया-वि. स्त्री. [सं.] कामुक (स्त्री), अधिक मैथुन या संभोग कराने वाली ।
सं. स्त्री.-शक्ति की एक मूर्ति (तांत्रिक) ।

रतिप्रीता-सं. स्त्री. [सं.] काम वासना में रत रहने वाली स्त्री, कामुक स्त्री ।

रतिबंध-सं. पु. [सं.] काम शास्त्र के अनुसार, मैथुन का एक ढंग ।

रतिबाह-देखो 'रातीवाहौ' (रू. भे.)

उ०—अर बूडता बचता बीजा चतुरंग नूं चळ-विचळ हुवौ जांरिग **रतिबाह** देर अचांरगक आइ बाढियौ । —वं. भा.

रतिभवन-सं. पु. [सं.] १ योनि, भग ।
२ मैथुन करने का स्थान, कक्ष । केलिगृह ।
रू० भे०-रतिभौन ।

रतिभाव-सं. पु. [सं.] १ श्रृंगार रस का स्थाई भाव (साहित्य) ।
२ प्रेम, प्रीति ।
३ स्त्री पुरुष का परस्पर प्रेम ।

रतिभौन-देखो 'रतिभवन' (रू. भे.)

रतिमंदिर-सं. पु. [सं.] १ योनि, भग ।
२ वह स्थान जहां पर मैथुन या संभोग का कार्य किया जाता है । केलिगृह ।

रतिमित्र-सं. पु. [सं.] काम शास्त्रानुसार मैथुन का एक आसन ।

रतिमेळ-सं. पु.-मैथुन क्रिया ।
रू० भे०-रतमेळ ।

रतिया-देखो 'रात' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—पनरां दिनां **रतियां** पख एक पुजाई । —केसोदास गाडरग

रतियाव-सं. पु.-देखो 'रातीवाहौ' (रू. भे.)

रतिरमण-सं. पु. [सं.] १ कामदेव ।

उ०—कुंअर-कमला **रति-रमण**, मयरग महाभड नांम । पंकजि पूजिय पय-कमळ, प्रथम जि करूं प्रणांम । —मा. कां. प्र.
२ रतिक्रीड़ा ।
रू० भे०-रतिरयरग ।

रतिरयण-देखो 'रतिरमरग' (रू. भे.)

उ०—**रतिरयण** सुदि नर नारि रांमति, गाळि प्रमदति गावही । मुख गांन दिन निस स्वांम मंगळ, वैरग चंग वजावही । —रा. रू.

रतिराज, रतिराय-सं. पु.-कामदेव, मदन ।

उ०—१ कर गहि लीधी ढोलिये, सायधरग कंत सकाज । हाथां हाथ मीलावीयौ, रति जांरगै **रतिराज** । —पनां

उ०—२ नवरंग सनेह आरगंद नव, उभळ प्रफूळ उभाळ सूं । **रतिराज** जोड़ नर रज्जिए, महाराज 'अभमाळ' सूं । —सू. प्र.

उ०—३ त्रिरिग वरस माहि निज प्रांरिग साधि सुंधुं मनावी आंरग, पनर वरस पोढउ रांजांन, रूपवंत **रतिराय** समांरग । —ढो. मा.

रतिरास-सं. पु.-रति क्रीड़ा ।

उ०—नहु उंन्हालु सीत रति, नहु पावस प्रकास । जिरिग मंदिरि नवि जांरगीइ, तिहां रमइ **रति-रास** । —मा. कां. प्र.

रतिलील–सं. पु.–संगीत में ताल का एक भेद।

रतिलीला–सं. स्त्री. [सं.] रतिक्रीड़ा।

रतिवंत–वि. (स्त्री. रतिवंती) १ सुन्दर, खूब सूरत, मनोरम।
२ प्रियतम, प्रेमी।
३ रसिक।
४ बलवान, शक्तिशाली।

रतिवंती–वि. स्त्री.–१ प्रेम से युक्त, प्रेममय।

उ०—**रतिवंती** आरति करै, रांम सनेही आव। दादू अवसर अब मिळै, यहु विरहनि का भाव। —दादूवांणी

२ सुन्दरी, रूपसी।
३ प्रियतमा, प्रेमिका।

रू० भे०—रतवंती,

रतिवर–सं. पु. [स.] कामदेव।

रतिवरद्धन–सं. पु. [सं. रतिवर्द्धन] वैद्यक में कई प्रकार की वस्तुओं के योग से बनने वाला एक पुष्टिकारक मोदक।

रतिवल्लभ–सं. पु. [सं.] कामदेव, मदन।

रतिवाउ–देखो 'रातीवाहौ' (रू. भे.)

उ०—पाछ पीलि पापी करइं कूडु दीधउ **रतिवाउ**। निहणीय पंच पंचाल बाल अनु राखसि जाउ। —सालिभद्र सूरि

रतिवास, रतिवासौ रतिवाह रतिवाहौ–देखो 'रातीवाहौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लुड़कियोड़ी)

लुड़की—सं. स्त्री.—दही में बनी हुई भांग।

लुड़खुड़ाणो, लुड़खुड़ाबो—देखो 'लड़खड़ाणो, लड़खड़ाबो' (रू. भे.)

लुड़खुड़ाणहार, हारो (हारी), लुड़खुड़ाणियौ—वि०।

लुड़खुड़ायोड़ौ—भू० का० कृ०।

लुड़खुड़ाईजणो, लुड़खुड़ाईजबो—भाव वा०।

लुड़खुड़ायोड़ो—देखो 'लड़खड़ायोड़ो' (रू. भे.)

(स्त्री लुड़खुड़ायोड़ी)

लुड़णो, लुड़बो देखो 'लुढणो, लुढबो' (रू. भे.)

लुड़णहार, हारो (हारी), लुड़णियौ—वि०।

लुड़िओड़ौ, लुड़ियोड़ौ, लुड़्योड़ौ—भू० का० कृ०।

लुडीजणौ, लुड़ीजबौ—भाव वा० ।

लुड़ाड़णौ, लुड़ाड़बौ—देखो 'लुढाणौ, लुढाबौ' (रू. भे.)

लुड़ाड़णहार, हारौ (हारी), लुड़ाड़णियौ—वि० ।

लुड़ाड़िओड़ौ, लुड़ाड़ियोड़ौ, लुड़ाड़चोड़ौ—भू० का० कृ० ।

लुड़ाड़ीजणौ, लुड़ाड़ीजबौ—कर्म वा० ।

लुड़ाड़ियोड़ौ—देखो 'लुढायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लुडाड़ियोड़ी)

लुड़ाणौ, लुड़ाबौ—देखो 'लुढाणौ, लुढाबौ' (रू. भे.)

उ०—चित गयौ चहु चालि दिस, एक पड़ी अणराय । हरीया वाडी फूल ज्युं, लेग्यौ पौण लुड़ाय —अनुभववाणी

लुड़ाणहार, हारौ (हारी), लुड़ाणियौ—वि० ।

लुड़ायोड़ौ—भू० का० कृ० ।

लुड़ाईजणौ, लुड़ाईजबौ—कर्म वा० ।

लुड़ायोड़ौ—देखो 'लुढायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लुड़ायोड़ी)

लुड़ियोड़ौ—देखो 'लुढियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री लुड़ियोड़ी)

लुड़ींद-वि.—प्रिय, प्यारा ।

उ०—अट्ठ पहर अरस यें, लुड़ींदा आहीन । दादू पसै तिन्न कै, असा खबर डीन्ह । —दादूवाणी

लुचाई, लुच्चाई—सं. स्त्री.—१ धूर्तता । २ नीचता । ३ कमीनापन ।

उ०—पण एक वात कांनजी रै बडी जोर की ही, वा आ कै वांनै लुच्चाई लफगाई अर चोरी जारी सू बडी चिड ही ।

लुच्चौ-वि. [सं. लुच्] (स्त्री. लुच्ची) १ दुराचारी, कुमार्गी, लंपट ।

उ०—लुच्चा ललचावै लालच धन लागै, लोचण जळ मोचण सोचण खिण लागै । —ऊ. का

२ चोर, उचक्का ।

उ०—जिण भांत जहर सूं जहर दबै उणी ज भांत ए चोर गुंडा पुलिस सूं दबै । पुलिस जे मारकूट नीं करै तो ए लुच्चा लफगा आभै रै फांडौ कर दे । —अमर चूनड़ी

३ दुष्ट, कमीना ।

४ ढोंगी, पाखंडी, लफगा ।

लुटकणियौ-सं. पु.—किसी किसी बकरी के गर्दन के नीचे लटकने वाला अंग ।

लुटणौ, लुटबौ-क्रि. अ.—१ लुट जाना, लूटा जाना ।

उ०-उघड़ी छिब्र अदभूत, लुटी छिब्र लाज री । नोबत घुरी निहग, मदन महाराज री । —र. हमीर

२ किसी प्रिय वस्तु का हाथ से निकल जाना ।

३ चोर या डाकू द्वारा लूटा जाना ।

४ परेशान होना, बरबाद होना ।

उ०—तलबा सूं लुटता तिकै मेट करी मा-बाप । कासीदी कोसा मुजब, 'पातल' रौ परताप । —जुगतीदान देथौ

५ शयन करना ।

उ०—जद कूख मे लुटिया बेटा ई धावळा रा गुलाम व्हैगा तौ अै जैमतिया क्यू म्हारौ ध्यान राखै । —फुलवाड़ी

५ उपभोग करना, आनद लेना, रसास्वादन करना ।

उ०—२ इण भात मदन रस लुटिया, छछोहा छूटिया । गुलाब कळी बिकसी, भंवर गुंजार निकसी । —र. हमीर

६ देखो 'लोटणौ, लोटबौ' (रू. भे)

उ०—१ मा रौ आदेस सुणताई छवूं बेटा मलापता आय उण रै पगा मे लुटण लागा । —फुलवाड़ी

उ०—२ परम गुरा के सरण मे रहस्या, परणाम करा लुटकी । मीरा कै प्रभु गिरधरनागर जनम मरण सू छुटकी । —मीरा

लुटणहार, हारौ (हारी), लुटणियौ—वि० ।

लुटिओड़ौ, लुटियोड़ौ, लुटचोड़ौ—भू० का० कृ० ।

लुटीजणौ, लुटीजबौ—भाव वा० ।

लुट्टणौ, लुट्टबौ—रू० भे० ।

लुटाणौ, लुटाबौ-क्रि. स. (लुटणौ क्रि. का प्रे. रू.) १ किसी को ऐसी परिस्थिति मे डालना कि वह लूटा जाय ।

२ अपनी वस्तु व माल को दूसरो के समक्ष इस प्रकार डाल देना कि वह उसका अपने मनमाने ढंग से अधिकार कर सके, प्रयोग कर सके ।

३ बरबाद करना, अपव्यय करना ।

४ किसी वस्तु को सस्ती कीमत पर बेचना ।

५ दिल खोल कर दान देना, बाटना ।

उ०—रुपिया मुहर लुटाई रात, भगत हुआ सगळा परभात । निरख निरख दळ सिमरै-नाम, राधा गोविंद सीताराम । —रा. रू.

६ लुटने मे प्रवृत्त करना ।

७ बच्चे को देवता के चरणो में लुटाना ।

८ जमीन पर लोट-पोट कराना ।

लुटाणहार, हारौ (हारी), लुटाणियौ—वि० ।

लुटायोड़ौ—भू० का० कृ० ।

लुटाईजणौ, लुटाईजबौ—कर्म वा० ।

लुटावणौ, लुटावबौ—रू० भे० ।

लुटायोड़ौ-भू का. कृ.—१ किसी को ऐसी स्थिति मे किया हुआ कि वह लुट जाय. २ अपनी वस्तु या सामान दूसरे के समक्ष इस

प्रकार रखा हुआ कि वे मनमाने ढंग से उसको प्रयोग में ले ३ अपव्यय किया हुआ, बर्बाद किया हुआ. ४ सस्ती कीमत पर औरों को अपनी वस्तु दी हुई. ५ खुले दिल से बांटा हुआ, दान दिया हुआ. ६ लोटने में प्रवृत किया हुआ. ७ छोटे बच्चों को देवताओं के समक्ष लुटाया हुआ, ८ जमीन पर लोट-पोट कराया हुआ.

(स्त्री. लुटायोड़ी)

लुटावणौ, लुटावबौ—देखो लुटाणौ, लुटाबौ' (रू. भे.)

उ०—घर घर ओघट घाट, टाट निस दीह कुटावै। दिल नहिं लेवै दाट, लाट गज हाट लुटावै। —ऊ का.

लुटावणहार, हारौ (हारी(, लुटावणियौ—वि०।

लुटाविप्रोड़ौ, लुटावियोड़ौ, लुटाव्योड़ौ—भू० का० कृ०।

लुटावीजणौ, लुटावीजबौ—कर्म वा०।

लुटावियोड़ौ—देखो 'लुटायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लुटावियोड़ी)

लुटियोड़ौ—भू. का. कृ.—१ वह अवस्था या स्थिति जिसमें कोई प्रिय वस्तु हाथ से छीनी गई हो. २ चोर या डाकू द्वारा लूटा हुआ. ३ अपव्यय किया हुआ, बर्बाद किया हुआ. ४ अपनी वस्तु किसी को सस्ती कीमत पर दी हुई. ५ खुले दिल से बांटा हुआ, दान दिया हुआ।

६ देखो 'लोटियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लुटियोड़ी)

लुटेरौ—वि.—वह जो लूट पाट करता हो, डाकू, बागी।

लुट्टणौ, लुट्टबौ—देखो 'लुटणौ, लुटबौ' (रू. भे)

उ०—स्रोण के फुंहारै आसमांन को छुटै, लगौ धख जमीं पर लौटणा ज्यूं लुट्टै। ऐसैं किसबूंका हुन्नर करि मुजरै को आवै। कद्रै सूंनै की गुरज इनामूं में पावै। —सू. प्र.

लुट्टणहार, हारौ (हारी), लुट्टणियौ—वि.।

लुट्टिप्रोड़ौ, लुट्टियोड़ौ, लुट्टयोड़ौ—भू. का. कृ.।

लुट्टीजणौ, लुट्टीजबौ—भाव वा.।

लुट्टियोड़ौ—देखो 'लुटियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लुट्टियोड़ी)

लुडणौ, लुडबौ—देखो 'लुढणौ, लुढबौ' (रू. भे.)

उ०—लै मुख उडत नाग जिम **लुडियौ,** औ सिध सिंघल दीप दिस उडियौ। दीप सिंघल पदमण दरसाई, आकरखण मंत्र पढै उडाई। —सू. प्र.

लुडणहार, हारौ (हारी), लुडणियौ—वि.।

लुडिप्रोड़ौ, लुडियोड़ौ, लुडयोड़ौ—भू. का. कृ.।

लुडीजणौ लुडीजबौ—भाव वा.।

लुडियोड़ौ—देखो 'लुढियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लुडियोड़ी)

लुढकणौ, लुढकबौ—क्रि अ.—१ गेंद की तरह बराबर ऊपर नीचे चक्कर खाते हुए नीचे गिरना।

ज्यूं—डूंगर माथै सूं भाटौ लुढकणौ।

२ गुड़क जाना।

३ मर जाना।

४ परीक्षा मे असफल होना।

लुढकणहार, हारौ (हारी), लुढकणियौ—वि.।

लुढकिप्रोड़ौ, लुढकियोड़ौ, लुढक्योड़ौ—भू. का. कृ.।

लुढकीजणौ, लुढकीजबौ—भाव वा.।

लढकणौ, लढकबौ, लुड़कणौ, लुड़कबौ—रू. भे.।

लुढकाड़णौ, लुढकाड़बौ—देखो 'लुढकाणौ, लुढकाबौ' (रू. भे.)

लुढकाड़णहार, हारौ (हारी), लुढकाड़णियौ—वि.।

लुढकाड़िप्रोड़ौ, लुढकाड़ियोड़ौ, लुढकाड़्योड़ौ—भू. का. कृ.।

लुढकाड़ीजणौ, लुढकाड़ीजबौ—कर्म वा.।

लुढकाड़ियोड़ौ—देखो 'लुढकायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लुढकाड़ियोड़ी)

लुढकाणौ, लुढकाबौ—क्रि. स.—१ किसी को इस प्रकार चलाना या गति देना कि वह गेंद की भांति चक्कर खाता हुआ नीचे चला जाय।

२ गुड़काना, लुढकाना।

३ मराना।

४ परीक्षा में असफल कराना।

लुढकाणहार, हारौ (हारी), लुढकाणियौ—वि.।

लुढकायोड़ौ—भू. का. कृ.।

लुढकाईजणौ, लुढकाईजबौ—कर्म वा.।

लुड़काड़णौ, लुड़काड़बौ, लुड़काणौ, लुड़काबौ, लुढकाड़णौ, लुढकाड़बौ, लुढकावणौ, लुढकावबौ—रू. भे.।

लुढकायोड़ौ—भू. का. कृ.—१ इस प्रकार चलाया या गति दिया हुआ कि वह गेंद की तरह चक्कर लगाता चला गया हो. २ गुड़काया हुआ, लुढकाया हुआ. ३ परीक्षा में असफल किया हुआ।

(स्त्री. लुढकायोड़ी)

लुढकावणौ, लुढकावबौ—देखो 'लुढकाणौ, लुढकाबौ' (रू. भे.)

लुढकावणहार, हारौ (हारी), लुढकावणियौ—वि.।

लुढकाविप्रोड़ौ, लुढकावियोड़ौ, लुढकाव्योड़ौ—भू. का. कृ.।

लुढकावीजणौ, लुढकावीजबौ—कर्म वा.।

लुढकावियोड़ौ—देखो 'लुढकायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लुढकावियोड़ी)

लुढकियोड़ौ–भू. का. कृ.—१ गेंद की तरह बराबर ऊपर नीचे चक्कर खाते हुए नीचे गिरा हुआ. २ गुकडका हुआ, लुढका हुआ. ३ मरा हुआ. ४ परीक्षा में असफल हुवा हुआ।
(स्त्री. लुढकियोड़ी)

लुढणौ, लुढबौ–क्रि अ.—१ लटक कर बार बार इधर उधर हिलना, झूलना।
उ०—काचल कातरिया बाजू में काठा, भुतजळ भेटै जां मेटै अघ माठां। कर मे काकणिया जसदा गळ काठी, अदभुत मोरा पर लुढतोड़ी आटी। —ऊ. का.
२ लुढकना, गिरना।
३ मस्ती में झूमना।
लुढणहार, हारौ (हारी), लुढणियौ—वि०।
लुढिओड़ौ, लुढियोड़ौ, लुढयोडौ—भू० का० कृ०।
लुढीजणौ, लुढीजबौ—भाव वा०।
लुड़णौ, लुड़बौ, लुडणौ, लुडबौ—रू० भे०।

लुढाड़णौ, लुढाड़बौ—देखो 'लुढाणौ, लुढाबौ' (रू. भे)

लुढाड़ियोड़ौ—देखो 'लुढायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. लुढाडियोड़ी)

लुढाणौ, लुढाबौ–क्रि. स.—१ लटका कर बार २ इधर उधर हिलाना, झूलाना।
२ गिराना, लुढकाना।
३ मस्ती मे झूमाना।
लुढाणहार, हारौ (हारी), लुढाणियौ– वि०।
लुढायोड़ौ—भू० का० कृ०।
लुढाईजणौ, लुढाईजबौ—कर्म वा०।
लुड़ाड़णौ, लुड़ाड़बौ, लुड़ाणौ, लुड़ाबौ, लुढाड़णौ, लुढाड़बौ, लुढावणौ, लुढावबौ—रू० भे०।

लुढायोड़ौ–भू. का. कृ—१ लटका कर बार २ इधर उधर हिलाया हुआ, झूलाया हुआ. २ गिराया हुआ, लुढकाया हुआ।
(स्त्री. लुढायोड़ी)

लुढावणौ, लुढावबौ—देखो 'लुढाणौ, लुढाबौ' (रू. भे.)
लुढावणहार, हारौ (हारी), लुढावणियौ—वि०।
लुढाविओड़ौ, लुढावियोड़ौ, लुढाव्योड़ौ—भू० का० कृ०।
लुढावीजणौ, लुढावीजबौ—कर्म वा०।

लुढावियोड़ौ—देखो 'लुढायोडौ' (रू. भे.)
(स्त्री. लुढावियोड़ी)

लुढियड़ौ–भू. का. कृ.—१ गिरा हुआ, लुढका हुआ. २ लटक कर बार बार हिला हुआ, झूला हुआ. ३ झूमा हुआ।
(स्त्री. लुढियोडी)

लुणणौ, लुणबौ–क्रि. स. [स. लुञ्चनम्] १ काटना।
उ०—कल्पव्रक्ष मनोकामना पूरै, एकवार वावै, इकवीस वार **लुणै**। —रा. व. वि.
२ भेड की ऊन को कतरना, काटना।
लुणणहार, हारौ (हारी), लुणणियौ—वि.।
लुणिओड़ौ, लुणियोडौ, लुण्योड़ौ—भू. का. कृ.।
लुणीजणौ, लुणीजबौ—कर्म वा.।
लणणौ, लणबौ, लवणौ, लवबौ, लुणणौ, लुणबौ—रू. भे.।

लुणाई–स. स्त्री [सं. लुंचन] १ भेड के बाल कतरने की क्रिया या भाव।
२ वह समय (मौसम) जब भेड़ के बाल (ऊन) कतरे जायें।
३ भेड के बाल कतरने की मजदूरी।

लुणाणौ, लुणाबौ–क्रि. स.—१ कटाना।
२ भेड़ की ऊन कतराना, कटवाना।
लुणाणहार, हारौ (हारी), लुणाणियौ—वि०।
लुणायोड़ौ—भू० का० कृ०।
लुईजणौ, लुईजबौ—कर्म वा०।
लुणाणौ, लुणाबौ, लुणावणौ, लुणावबौ—रू० भे०।

लुणायोड़ौ–भू का. कृ.—१ कटाया हुआ।
२ भेड़ की ऊन कतरी (काटी) हुई।
(स्त्री. लुणायोड़ी)

लुणावणौ, लुणावबौ—देखो 'लुणाणौ, लुणाबौ' (रू. भे)
लुणावणहार, हारौ (हारी), लुणावणियौ—वि.।
लुणाविओड़ौ, लुणावियोडौ, लुणाव्योडौ—भू. का. कृ.।
लुणावीजणौ, लुणावीजबौ—कर्म वा.।

लुणावणौ, लुणावबौ—देखो 'लुणायोडौ' (रू. भे.)

लुणावियोडौ—देखो 'लुणायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. लुणावियोडी)

लुणियोडौ–भू. का. कृ.—१ काटा हुआ।
२ ऊन कतरी हुई (भेड)।
(स्त्री. लुणियोड़ी)

लुतफ—देखो 'लुत्फ' (रू. भे.)

लुत्त—देखो 'लुप्त' (रू. भे.)

लुत्तकेस–वि —केश लुंचन करने वाला (जैन)

लुत्थबत्थ—देखो 'लथबथ' (रू. भे.)
उ०—दळ मुसळमांन बळवान खळ, **लुत्थबत्थ** घप्पै लरत। घप्पै न युद्ध पद्धरपति, सूर वीर बकै भिरत। —ला. रा.

लुत्थि—देखो 'लोथ' (रू. भे.)

उ०—खंघै खेलह खिल्हार के भट सेल भचक्कै । खंड चटक्कै खघरी लगि **लुत्थि** लटक्कै । —व. भा.

लुत्फ-स. पु. [अ] १ आनन्द, मजा ।

२ स्वाद, रोचकता ।

रू. भे.—लुतफ

लुथबत्थ, लुथबथ, लुथब्बथ, लुथबुथ—देखो 'लथबथ' (रू. भे.)

उ०—१ पाट तग बरंग जंट भाट खागां पडै, वहै धड़ खाग पड़ीया भ्रगट रड़बड़ै । हर खड़ा बीर चोसट सहत हडहडै, **लुथबथ** हुआ उमराव खामंद लडै । —किसनौ आढौ

उ०—२ लंगरा रठट्ठां भाट नागेस नमावां लागौ, रिमां थाट अराबां धमावा लागौ रेण । लोहा **लुथबुथा** कूंपो गनीमा रमाबा लागौ भाराथा भमाबा लागौ गजा भीमसेण ।

—राठौड़ महेसदास री गीत

लुदराक, लुदराक्ख, लुदराख—देखो 'रुद्राक्ष' (रू. भे.)

लुदरी-सं. स्त्री. —१ एक आभूषण विशेष । (अ. मा.)

२ देखो 'रुद्री' (रू. भे.)

लुद्ध—वि. [सं. लुब्ध] लोभी, लालची ।

लुद्राक, लुद्राक्ख, लुद्राख—देखो 'रुद्राक्ष' (रू. भे.)

लुध्ध, लुध्धौ-वि. [सं. लुब्ध] १ लालची, लोभी ।

२ चाहने वाला, इच्छुक, अभिलाषी .

उ०—१ ऊलबै सिर हथ्थड़ा, चाहती रस-**लुध्ध** । विरह-महाघण ऊमटचउ, थाह निहाळइ मुध्ध । —ढो. मा.

उ०—२ उक्कंबी सिर हथ्थड़ा, चाहंती रस-**लुध्ध** । ऊंची चढि चारं'गि जिउं, मागि निहाळइ मुध्ध । —ढो. मा.

उ०—३ थाह निहाळइ दिन गिणइ, मारू आसा-**लुध्ध** । परदेसै धाघल घणा, विखउ न जांणइ मुध्ध । —ढो. मा.

लुप—देखो 'लप' (रू. भे.)

लुपकै छुपकै-क्रि. वि.—गुप्त रूप से, लुके-छिपे ।

उ०—**लुपकै** छूपकै घी लोगां रौ, पधरावै भरि पारियां । पाप चिकणां भव पेलेमें, खूब करैला ख्वारियां । —ऊ. का.

उ०—२ **लुपकै** छुपकै राजमें, मांडै रूळपट रोळ खावै न कोई खाणदै, डोफा देवै ढोळ । —नारायणसिंह सांदू

लुपणौ, लुपबौ—देखो 'लुकणौ, लुकबौ'

उ०—चिलकंतौ भूपाट निजर सूं **लुपतौ** जावै । पवन अबोळी उणमणी सी, सायत दरसावै । —शक्तिदांन कविया

लुपणहार, हारौ (हारी) लुपणियौ - वि० ।

लुपिओड़ौ, लुपियोड़ौ, लुप्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

लुपीजणौ, लुपीजबौ—भाव वा० ।

लुपत—देखो 'लुप्त' (रू. भे.)

लुपतोपमा—देखो 'लुप्तोपमा' (रू. भे.)

लुपियोड़ौ—देखो 'लुकियोड़ौ'

(स्त्री. लुपियोड़ी)

लुप्त-वि. —१ छिपा हुआ ।

२ गुप्त गोपनीय ।

३ नष्ट, भग्न ।

रू. भे.—लुत्त, लुपत

लुप्तोपमा-सं स्त्री. [सं.] उपमा अलंकार का चौथा भेद जिसमें उपमेय, उपमान धर्म और उपमावाचक में से किसी एक का लोप हो ।

रू. भे.—लुपतोपमा

लुब-सं पु.—१ चाह, इच्छा, लोभ ।

उ०—थित दाहन गेलन थेलिय की, चित चाहन चेलन चेलिय की । लुब लायन पाय पुजावन की, सुभ राय सु न्याय सुभावन की ।

—ऊ. का.

२ कानों में पहनने का स्त्रियों का आभूषण ।

उ०—लुब झुलत कांन प्रभा सुधरै दहुंधा मनु कांमहि चक्र करै ।

—सगुणा सत्रसाळ री वात

लुबकौ-सं. पु. (स्त्री. लबकी) गाय का नव जात बच्चा ।

लुबध—१ देखो 'लुब्धौ' (रू. भे.) (डिं. को.)

उ०—जिम मधुकर नइ कमलणी, गंगा सागर वेल । **लुबधा** ढोलउ-मारुवी, कांम-कतूहळ केल । —ढो मा.

२ देखो 'लुब्धक' (रू. भे.)

लुबधक—देखो 'लुब्धक' (रू. भे.)

लुबधी, लुबधौ-वि.—लोभी, लालची, इच्छुक ।

उ०—भंवरा **लुबधी** वासका, मोह्या नाद कुरंग । इयौं दादू का मन रांम सूं, ज्यौं दीपक जोत पतंग । —दादूवाणी

उ०—२ ललना मूं **लुबधौ** थकौ, लोपि गमावै लज्जा लीक कि । जाय धन पिण जूजूओ, नीर रहै नहि फूटी नीक कि ।

—ध. व. ग्रं.

लुबांन—देखो 'लोबांन' (रू. भे.)

उ०—१ पिया समीप रूपरासि दासि आसि पासियं, भरै प्रकास स्री उदोति दीप जोति भासियं । सुगंध गंध सार एण सार मेघसार ए, सवास अंबरै **लुबांन** डंबरै निसार ए । —रा. रू.

लुबुद, लुबुध—देखो लुब्ध' (रू. भे.)

उ०—१ सर सरित निरमळ नीर सुंदर अमळ अंबर-ओपायं । किरि सुबुधि वधि सतसंग कारण, **लुबुध** होत विलोपयं । —रा. रू.

लुब्ध–वि.—१ लोभ ग्रसित, लालची।

उ०—लालचै दांम खाटण लुब्ध, दुसमन सास्त्रारा दसै। कर इता दूर धर्मसी कहै, विद्या भणिवा ने वसै। —ध. व. ग्रं.

२ मुग्ध, मोहित, आसक्त।

३ ललचाया हुआ, अभिलाषी।

रू. भे. लुब्बध, लुबुद, लुबुध।

लुब्धक–स. पु. [स. लुब्ध] बहेलिया, व्याघ्र, शिकारी।

२ उत्तरी गोलार्द्ध का एक बहुत तेजवान तारा।

रू. भे.—लुबध, लुब्बधक

लुब्धणौ, लुब्धबौ–क्रि. अ—आसक्त होना, निमग्न या तल्लीन होना।

उ०—परदारा सू पापियउ, भोगवइ कांम भोग। विसयारस लुब्धउ थकउ, न बीहइ परलोग। —स. कु.

लुब्धणहार, हारौ (हारी), लुब्धणियौ—वि.।

लुब्धिओड़ौ, लुब्धियोड़ौ, लुब्ध्योड़ौ—भू. का. कृ.।

लुब्धीजणौ, लुब्धीजबौ—भाव वा.।

लुब्धियोड़ौ–भू. का. कृ.—आसक्त हुवा हुआ, तल्लीन या निमग्न हुवा हुआ।

(स्त्री. लुब्धियोड़ी)

लुभाणौ, लुभाबौ–क्रि. अ.—लोभ या लालच में पड़ना।

उ०–झालौ सिहदेव तौ प्रथम अणी में ही लोह छक होय प्राणा रा पोखण में लुभायौ थकौ प्रमदा री प्राहुणौ अपूठौ खड़ियौ। —वं भा.

२ सुध-बुध भुलाना, मोह में पड़ना।

क्रि. स.—१ मोहित करना, आसक्त करना।

२ किसी के मन मे लोभ या लालच पैदा करना।

३ मोह से युक्त करना, अनुरक्त करना।

लुभाणहार, हारौ (हारी), लुभाणियौ—वि.।

लुभायोड़ौ—भू. का. कृ.।

लुभाईजणौ, लुभाईजबौ—भाव वा., कर्म वा.।

लुभावणौ, लुभावबौ, लोबाणौ, लोबाबौ, लोभाणौ, लोभाबौ–रू. भे.

लुभायोड़ौ–भू का. कृ.—१ लोभ या लालच मे पडा हुआ. २ सुध-बुध भूला हुआ. मोह मे पडा हुआ. ३ किसी के मन में लोभ या लालच उत्पन्न किया हुआ. ४ मोह से युक्त किया हुआ।

(स्त्री. लुभायोड़ी)

लुभावणौ–वि. [स्त्री. लुभावणी] १ मोहित करने वाला, लुभाने वाला, मनोहर।

उ०—नै वा अचित खबसूरत, इसी सुवावणी, इसी मनहरणी, इसी सुखदायी अर इसी लुभावणी, लागै के बात छोडौ। —फुलवाड़ी

२ सुन्दर, खूबसूरत।

लुभावणौ, लुभावबौ—देखो 'लुभाणौ, लुभाबौ' (रू. भे.)

उ०—सिल-किस्तूरी-गध समाणी घण मिरगाळै, गंग बहावणहार, हेमाळ-सीस हिमाळै। लेत विसाणी मेघ सावळौ इसौ लुभावै, भोळ नादियै कीच गुदळता सीग सुहावै। —मेघदूत

लुभावणहार, हारौ (हारी), लुभावणियौ—वि.।

लुभाविओड़ौ, लुभावियोड़ौ, लुभाव्योड़ौ—भू. का. कृ.।

लुभावीजणौ, लुभावीजबौ—कर्म वा।

लुभावियोड़ौ—देखो 'लुभायोड़ौ' (रू भे.)

(स्त्री. लुभावियोडी)

लुरड़णौ, लुरड़बौ–क्रि. स.—तोडना।

उ०—इण निमझर नै लुरड़ बुरड भेळी कर राखै, लुरड़ लाव साभाळ, साल भर सागां नाखै। दही रायतै छौंक, मोकळी निमझर देवै, ललचावै सुरराज भाज लप लबकौ लेवै। —द. दे.

लुरड़णहार, हारौ (हारी), लुरड़णियौ—वि.।

लुरड़िओड़ौ, लुरड़ियोड़ौ, लुरड़्योड़ौ—भू. का. कृ.।

लुरड़ीजणौ, लुरड़ीजबौ—कर्म वा.।

लुरड़ियोड़ौ–भू. का. कृ.—तोड़ा हुआ।

(स्त्री. लुरड़ियोड़ी)

लरणौ, लुरबौ—देखो 'लुळणौ लुणबौ' (रू. भे)

उ०—काहे को देह धरी भजन बिन काहे को देह धरी। गरभवास की त्रास दिखाई, बाकी पीठ लुरी —मीरा

लुरणहार, हारौ (हारी), लुरणियौ—वि०।

लुरिओड़ौ, लुरियोड़ौ, लुर्योड़ौ—भू० का० कृ०।

लुरीजणौ, लुरीजबौ—भाव वा०।

लुरियोड़ौ—देखो 'लुळियोड़ौ' (रू. भे)

(स्त्री लुरियोड़ी)

लुरियौ–सं. पु.—ऊंट की चाल या गति विशेष।

लुरी–सं. स्त्री.—१ लम्बे कानो वाली बकरी।

२ अत्यधिक शीतल वायु।

लुळणौ, लुळबौ–क्रि अ—१ झुकना, नीचा होना।

उ०—अठी, 'रतना' सांमी आय लटकै लुळी, तठै पूरण प्रेम री गांठ पूरण घुळी। कंवर छातीहूं भिड मिळियौ, सनेह रौ सांमंद्र पाजांहूं छिळियौ। —र. हमीर

२ लथपथ होना।

उ०—चोखां ग्रोढू चीर, लाळ मांही लुळ जावै। अतर लगाऊं अग, पाद आगै पुळ जावै। —ऊ. का.

३ कार्य सिद्धि या उद्देश्य की पूर्ति के लिए थोड़ा आगे बढ़ते हुए नीचे की ओर प्रवृत्त होना, झुकना।

उ०—१ लागू हूं पहली लुळे, पीताबर गुर पाय। भेद महारस भागवत, प्रामू जेरा पसाय। —ह. र.

उ०—२ पुन चेत ग्रासोज रा स्वेत पाखा. लुळै मात नूं जातरी लोक लाखा। बदीजै किसूं कीरती हेक बांकै, थळी री दुती दाखतौ सेंस थाकै। —मे. म.

उ०—३ भरी रूप रंग रस भरी, लुळ आवै जळ लेगा। सरवर त्या निरखरा सही, नीरज कियाक नेरा। र. हमीर

४ नम्र भाव से आचरण या व्यवहार करना, अभिमान बल आदि को छोड़ विनीत और सरल होना।

उ०—बेटी रौ बाप सूकौ लक्कड़ तथा टूंठ लुळै नहीं टूटणौ जांणै। —वसदोख

५ प्रवृत होना, उन्मुख होना।

उ०—१ कोइ आठ-दस हजार हाथ लाग्या। बस, मन री विरती खरचै खांनी लुळी। —वसदोख

उ०—२ लिछमी जी लुळताह, टुकीयक म्हां खांनी हुता। (तो) भायां नै भ्रमताह. कदैइ कर देतो 'करन' —लक्ष्मीदान बारहठ

६ मडराना, घुमड़ना।

उ०—१ सांवरा आयी सायबा, लुळ लुळ बरसै लूर। गोख उडीकै गोरड़ी, जोबन में भरपूर। —नारायणसिंह सांदू

उ०—२ घरा रा सायबा रै, ओ तौ सांवण लुळ्यां घर आय। बेटी जाट की रै, ओ तौ सांझ पड़्यां घर आय। —तेजाजी री लावणी

७ कोमलतावश इधर-उधर झुकना, सिमटना।

उ०—१ तंबोळ बिनां खाधां आहार विकार थावै, माडी मोडी कटारी री पड़दळी समावै। उतर रौ वाव वाजै वखरा नै लुळै चोवारी वाजै तौ, बीच सूं भाज जावै। —खीची गगेव नींबावत री दोपहरी

उ०—२ थोथी करड़ावरा राखरावाळा जंगी रूंख चरड़ चरड़ उथळीजरा लागा। लुळताई राखरावाळा कंवळा बांटका अठी उठी लळाक लळाक लुळै परा व्हांरौ कीं नीं बिगड़ै। —फुलवाड़ी

८ गतिशील या स्थित व्यक्ति या पदार्थ का दूसरी दिशा की ओर उन्मुख या प्रवृत्त होना, मुड़ना।

उ०—रायजादी लुळ-लुळ पाछी जोवै, जांणु म्हारी जान में भाबोसा पधारै। —लो गी.

९ प्रभाव कम होना।

उ०—इब तूं झुकज्या इब तूं लुळज्या, झिरोखै झाला दै रही ग्रे भांगड़ली। भवर रौ रस लै रही ग्रे भागड़ली। —लो. गी.

१० प्रभाव में आना, प्रभावित होना।

उ०—किसूं व्याकरण अवर भाखा अनै पराक्रत, संसक्रित तणौ क्यूं फिरै सार्ग। लाख रा ठाकरा तणा माथा लुळै, आखरा तणा गजबोह आगै। —नवलजी लाळस

११ देखो 'रळकणौ, रळकबौ'

उ०—कड़ियै ग्रो भैरव कड़ियै, लुळता केस, पावां ग्रो भैरव पावै वाज्या घूघरा। —लो. गी.

लुळणहार, हारौ (हारी), लुळणियौ—वि०।

लुळिग्रोड़ौ, लुळियोड़ौ, लुळयोड़ौ—भू० का० कृ०।

लुळीजणौ, लुळीजबौ—भाव वा०।

लळणौ, लळबौ, लुरणौ, लुरबौ—रू० भे०।

लुळताई—सं. स्त्री.—१ लचीलापन, लचक, कोमलता।

उ०—थोथी करड़ावरा राखरावाळा जंगी रूंख चरड़ चरड़ उथळीजरा लागा लुळताई राखरावाळा कंवळा बांटका अठी-उठी लळाक लळाक लुळै परा व्हांरौ कीं नीं बिगड़ै। —फुलवाड़ी

२ विनम्रता, नम्रता।

उ०—अबै संगीजी थोड़ा ग्रोर नेड़ा भिड़'र लुळताई सूं बेटी री मा नै कयौ—"बीनरगी नै वरी इसी चळासी जिकौ घरा भाइ देखसी। —वरसगांठ

लुळाड़णौ, लुळाड़बौ—देखो 'लुळाणौ, लुळाबौ' (रू. भे.)

लुळाड़णहार, हारौ (हारी), लुळाड़णियौ—वि०।

लुळाड़िग्रोड़ौ, लुळाड़ियोड़ौ, लुळाड़योड़ौ—भू० का० कृ०।

लुळाड़ीजणौ, लुळाड़ीजबौ—कर्म वा०।

लुळाड़ियोड़ौ—देखो 'लुळायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लुळाड़ियोड़ी)

लुळाणौ, लुळाबौ—क्रि स.—१ झुकाना, नीचा करना या कराना।

२ लथपथ करना या कराना।

३ कार्य सिद्ध या उद्देश्य की पूर्ति हेतु नीचे की ओर प्रवृत्त करना या झुकाना।

४ नम्र भाव से आचरण या व्यवहार कराना या अभिमान बल आदि को छोड़ाना, विनीत बनाना।

५ प्रवृत या उन्मुख करना या कराना।

६ मडराना, घुमड़ाना।

७ कोमल वस्तु या पदार्थ को इधर उधर झुकाना, मोड़ना।

उ०—जच्चा रांणी रै हळद, तेल अर गुज्जी रै आटा री पीठी कर नै आखौ डील मसळियौ। बाटां उतारी। हाडका लुळाया। —फुलवाड़ी

८ प्रभाव कम कराना ।

९ गतिशील या स्थित व्यक्ति या बात को एक तरफ से हटा कर दूसरी दिशा की तरफ उन्मुख या प्रवृत्त कराना, मुडाना ।

उ०—दीवाणजी री अकल अेड़ी बात में अणूंती भवती ही। कंडी ई बात नै लुळाय कठी नै ई पुगाय देता। —फुलवाडी

१० मोडना।

उ०—ओ तौ साव इज पतळौ। धोळौ धोळौ जाणै मादगी सू उठ्यो व्है। इणनै लुळायौ कुण ! साव इज दोलड़ो कर न्हाकियौ। —फुलवाड़ी

११ देखो 'रळकाणौ, रळकाबौ'

लुळाणहार, हारौ (हारी) लुळाणियौ—वि०।

लुळायोड़ौ—भू० का० कृ०।

लुळाईजणौ, लुळाईजबौ—कर्म वा०।

लुळाड़णौ, लुळाड़बौ, लुळावणौ, लुळावबौ—रू० भे०।

लुलाय-सं. पु. [स. लुलायः] भैंसा।

उ०—कर चाप अठारटकी करखै, परखा सर एलम की परखै। उडि बेध अकास हुवै डरता, छिक जाय लुलाय पखाल छता। —मे. म.

लुळायोड़ौ-भू. का. कृ.—१ झुकाया हुआ. २ लथपथ किया हुआ. ३ कार्य सिद्धि या उद्देश्य की पूर्ति के लिये थोड़ा आगे बढ़ते हुए नीचे की ओर प्रवृत किया हुआ, झुकाया हुआ. ४ नम्रता से आचरण या व्यवहार किया हुआ, अभिमान बल आदि को छोडा कर विनीत व सरल किया हुआ. ५ प्रवृत किया हुआ. ६ मडराया हुआ, घुमडाया हुआ. ७ कोमल पदार्थ को इधर उधर झुकाया या मोडा हुआ. ८ गतिशील या स्थित व्यक्ति, पदार्थ या बात को दूसरी ओर उन्मुख या प्रवृत्त किया हुआ। ९ देखो 'रळकायोडौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लुळायोडी)

लुळावणौ, लुळावबौ—देखो 'लुळाणौ, लुळाबौ' (रू भे)

लुळावणहार, हारौ (हारी), **लुळावणियौ**—वि०।

लुळावियोड़ौ-भू० का० कृ०।

लुळावीजणौ, लुळावीजबौ—कर्म वा०।

लुळावियोडौ—देखो 'लुळायोडौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लुळावियोड़ी)

लुळियोड़ौ-भू. का कृ.—१ झुका हुआ. २ लथपथ हुवा हुआ. ३ कार्य सिद्धि या उद्देश्य पूर्ति हेतु आगे बढ कर थोडा नीचे झुका हुआ या प्रवृत्त हुवा हुआ. ४ नम्रता से आचरण या व्यवहार किया हुआ, विनम्र हुवा हुआ ५ प्रवृत हुवा हुआ ६ कोमलतावश इधर उधर झुका हुआ ७ मडराया या घुमडाया हुआ. ८ गतिशील या स्थित व्यक्ति, पदार्थ या बात का दूसरी तरफ उन्मुख या प्रवृत हुवा हुआ. ९ प्रभाव कम हुवा हुआ. १० प्रभाव मे आया हुआ, प्रभावित।

(स्त्री. लुळियोड़ी)

लुलूलिया, लुलूसाही-स. पु.—१ मारवाड राज्यान्तर्गत चलने वाला एक सिक्का विशेष।

वि. वि. यह जोधपुर राज्यान्तर्गत महाराजा तखतसिंह जी के समय नाजर हरकरण द्वारा चलाया गया था।

लुवणौ, लुवबौ-क्रि. स—पौंछना।

उ०—लेता यूं विसराम, सीचता कळी चमेली। बरस फुहारां बाग, बाहणी तीर सकेली। मगसी झूठण-लूब कपोळा नीर लुवंती। तिण भामणिया छाह करी जे फूल विणंती। —मेघ

लुवणहार, हारौ (हारी), लुवणियौ—वि०।

लुवियोड़ौ, लुवियोड़ौ लुव्योड़ौ—भू० का० कृ०।

लुवीजणौ, लुवीजबौ—कर्म वा०।

लुहणौ, लुहबौ, लुणौ, लुबौ, लूअणौ, लूअबौ, लूणौ, लूबौ, लूवणौ, लूवबौ, लूहणौ, लूहबौ—रू० भे०।

लुवरड़ौ, लुवरडौ-सं. पु. (स्त्री. लुवरड़ी लुवरडी) बेटा, पुत्र।

उ०—थारी लुवरडी म्हारौ लुवरड़ौ अब तौ करौ निगोडघौ ब्याव रायजादी ये लूर छैला प्यारी ये लूर जेसलमेरी ये। —लो. गी.

लुवार—१ देखो 'लुहार' (रू. भे.)

उ०—१ साज लोहा रा सांतरा, ताळा करण तयार। किसबी सारा कांमरौ, लीजै सुघड लुवार। —रमणप्रकास

उ०—२ रूप जेम बारंगणा, रस छंदा गारीह। सारी बातां सुलखणी, लीजै लुवारीह। —रमण प्रकाश

२ देखो 'लुवारौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लुवारी)

लुवारियौ, लुवारौ-सं. पु.—१ गाय का छोटा बच्चा।

उ०—दादीसासू पोतिया जुवाई नै देखण नै तरसी अर हाथ री कापती दो आगळचा एक आख रै ऐडै छेडै देय'र रसोई री बारी सूं उलळी, जाणै सुवाडी गाय लुवारै टोघडिये पर राभी है। —दसदोख

२ देखो 'लुहार' (अल्पा., रू भे)

लुवियोड़ौ-भू का. कृ.—पोंछा हुआ।

(स्त्री. लुवियोड़ी)

लुह-सं. पु.—१ शस्त्र प्रहार।

उ०—हुवै असि तांम चढै सु दुझाळ, लुहां अवधूत दियै नंदलाल। —सू. प्र.

२ लूखा, रुक्ष।

उ०—अरस विरस अंत पंत लुह, ए चाल्या पच आहार। ए जीमी जीवै मुनि धन, मोटा अणगार। —जयवांणी

लुहण—वि.—चूसने वाला, शोषण करने वाला।

उ०—आंत्र-लुहण तूं माहरेजी, काळेजा नी कोर। तूं वच्छ आधा-लाकड़ी जी, किम हुवै कठिन कठोर —जयवाणी

लुहणौ, लुहबौ—देखो 'लुवणौ लुवबौ' (रू. भे)

उ०—प्रीथीराज माहली चाळ था बरछी लुही ऊजळी थका आयौ। —नैणसी

लुहणहार, हारौ (हारी), लुहणियौ—वि०।

लुहिग्रोड़ौ, लुहियोड़ौ, लुह्योड़ौ—भू० का० कृ०।

लुहीजणौ लुहीजबौ—भाव वा०।

लुहार—सं. पु. [सं. लोहा+कार, प्रा. लोहार] (स्त्री. लुहारण, लुहारी) लोहे की चीजें बनाने या काम करने वाली एक जाति या इस जाति का व्यक्ति।

उ०—१ ससौ सास सम्हातां समरण, तन मन खुब तपावै। लोह लुहार तणी गति लागै, मारौमार मचावै। —ऊ. का.

उ०—२ हर सिर घर लाल लुहारी नीसरीजी हर भर हटवाड़ै रै मांय। घड़ल्या म्हारा अजब लुहारा दीवलौ जी। —लो. गी.

२ चौरासी चोहट्टों में से एक। (सभा)

रू. भे.—लवार, लुवार, लोहकार, लोहार

अल्पा.,—लवारियौ, लवारौ, लुवारियौ, लुवारौ

लुहारखाती—बढई जाति का वह व्यक्ति जो लोहार का पेशा भी करता हो।(मा. म.)

रू. भे.—लवारखाती

लुहास—सं. पु.—श्याम घटा के शिखर पर उठने वाले बादल जो घटा को स्पर्श करते ही उनमे पानी ही पानी हो जाता है। (शेखावाटी)

लुहियोड़ौ—देखो 'लुवियोड़ौ' (रू. भे.)

लुही—देखो 'लोही' (रू. भे.)

उ०—१ कटै पळ कमळ स्रीफल कीध, लुही घट काढ जिकौ घ्रत लीध। धुवै रणताळ सझाळ स्रोम, हका धुनि वेद करै इम होम। —सू. प्र

उ०—२ भयांनक हेक करै भाराथ, हिकां मसतक्क पड़ै पग्र हाथ। वैरी-डंड हेकां वीखरियाह, लुटै भूंइ हेक लुही भरियाह। —गु. रू ब

लूंक—देखो 'लूंग' (रू. भे.)

लूंकड़ी—देखो 'लांकी' (अल्पा., रू. भे.)

लूंकार—सं. पु—ऊन का बना मोटा वस्त्र जो ओढने के काम आता है तथा इकरंगा होता है। कशीदा नही होता।

लूंकी—देखो 'लांकी' (रू. भे.)

लूंकीसूळौ—१ देखो 'लांकी सूळौ' (रू. भे.)

लूंकौ—(स्त्री. लूंकी)—देखो 'लाकौ' (रू. भे.)

उ०—१ प्रगत तणौ परताप, नही पास्यौ नर देही। जगमें बीजै जनम, हुस्यौ भुंगर कनसेही। लूकौ छलड़ौ किना, बूट इजगर कन बोघी। गोगौ हुस्यौ क गोह, भेड भीला घर जोगी। —अरजुनजी बारहठ

उ०—२ लूक्या करै न लोप, वन केहर भेळा वसै। करै न सबळा कोप, रंकां ऊपर राजिया। —किरपारांम

लूंग—सं. पु.—१ शमी, बबूल वृक्ष के पत्ते जो ऊंट भेड़ व बकरियों को चराने के काम आते हैं।

उ०—१ मस्तक लीलौ लूंग, धरण री धूड़ ठरावै। खेजड़ खेवा खाय, मरु में छांन छवावै। —दसदेव

उ०—२ ऊंचै मुख सूं ऊंट, चूट चट लूंगां लवकै। गलर गलर गटकाय, डोलती डागां डबकै। —दसदेव

उ०—३ खेजड़ी रा लूंग ई इण तड़ा आगै नीं ढबै, पछै बापडा माचरी कांई जिनात। —फुलवाड़ी

२ बंदूक पर बारुद रखने का स्थान।

उ०—लखवार बूंदकांय लूंग लिया, करि अंग भालोड़ दूसोर किया। घाह साहर ऊगर घोर घलै, सत बीसांय नाहर ठौर सलै।—पा. प्र.

३ एक पक्षी विशेष।

उ०—चरज सीचांण सो लाग आतुरी, बाज बहरूं की झपट। झुही झुही लूंगूं की उलट। —सू. प्र.

रू. भे.—लूंक।

४ देखो 'लवंग' (रू. भे)

लूंगती—देखो 'लांकी' (रू भे)

लूंगाकरौ—स. पु—एक मारवाड़ी लोकगीत।

लूंगी—स. स्त्री.—१ वह वस्त्र जो कमर से बांधा जाता एवं टखनों तक लटकता है।

२ सिर पर बांधने या बिछाने के काम आने वाला वस्त्र विशेष।

उ०—करसे रे पितळ री पिलांणा, लाल लूंगी रो घासियौ। कसणा कसुमल डोर, सरब सोना रा पागड़ा। —लो. गी

३ स्त्रियों के ओढने का वस्त्र विशेष।

उ०—१ लूंगी लाज्यो जी, ओ जी म्हारा ईसरजी ओ उमराव, जटाधारी, लूंगी लाज्यौ जी। लूंगी महगी ए, ओ ए म्हारी पातलड़ी ए गणगोर गढ़ा री रांणी, लूगी महगी ए। —लो. गी.

४ एक राजस्थानी लोक गीत।

५ छोटे बच्चे का शिश्न ।

रू. भे —लूंगी, लींगी, लोंगी ।

लूंचणौ, लूचबौ—१ हड़पना ।

उ०—१ उजबक थका राजमें उभा, लाखा रो धन **लूंचै** । गहर गभीर अभनमौ 'गागौ' पाछौ जाब न पूछै । —बुधजी आसियौ

लूंचणहार, हारौ (हारी), लूंचणियौ—वि० ।

लूंचिओड़ौ, लूंचियोड़ौ, लूच्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

लूंचीजणौ, लूचीजबौ—भाव वा० ।

लुंचणौ, लुंचबौ—रू० भे० ।

लूंचाड़णौ लूचाड़बौ—देखो 'लूचाणौ लूचाबौ' (रू. भे.)

लूंचाणौ लूंचाबौ–क्रि. स.—हड़पवाना ।

लूंचाणहार, हारौ (हारी), लूंचाणियौ—वि० ।

लूचायोड़ौ,—भू० का० कृ० ।

लूचाईजणौ, लूंचाईजबौ— कर्म वा० ।

लूंचाड़णौ, लूंचाड़बौ, लूंचावणौ, लूचावबौ - रू० भे० ।

लूंचायोड़ौ–भू का कृ.—हड़पाया हुआ ।

(स्त्री लूंचायोडी)

लूंचावणौ लूचावबौ—देखो 'लूंचाणौ, लूंचाबौ' (रू. भे.)

लूचावणहार, हारौ (हारी), लूंचावणियौ वि० ।

लूचाविओड़ौ, लूंचावियोडौ, लूचाव्योडौ—भू० का० कृ० ।

लूंचावीजणौ, लूंचावीजबौ—भाव वा० ।

लूंचावियोड़ौ—देखो 'लूंचायोडौ' (रू. भे)

लूंचियोड़ौ–भू का. कृ.—हड़पा हुआ ।

(स्त्री. लूंचियोड़ी)

लूंछण–सं. स्त्री.—१ किसी वस्तु या पदार्थ को सिर के ऊपर फेर कर दान देने की क्रिया या न्यौछावर करने की क्रिया ।

२ वस्त्र विशेष ।

उ०—खीरोदक ततखेव-माहा, आप्या **लूंछण** अंग । पछइ पटुला पहिरणइ, नवहत्था नवरंग । —मा का प्र.

लूंछणौ, लूंछबौ–क्रि. स —१ न्यौछावर करना ।

उ०—रत्न-कबल सिरि **लूंछणा**, तनु लूहवा तनु-सुख । अबला. आरीसु लेई रही, जमली जोवा मुख । —मा का प्र

लूछणहार, हारौ (हारी), लूंछणियौ—वि० ।

लूंछिओड़ौ, लूंछियोड़ौ, लूंछ्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

लूछीजणौ, लूंछीजबौ कर्म वा० ।

लुछणौ, लुंछबौ - रू० भे० ।

लूंछियोड़ौ–भू. का. कृ.—१ न्यौछावर किया हुआ ।

(स्त्री. लूंछियोडी)

लूंजी–सं. स्त्री—एक प्रकार का खाद्य पदार्थ विशेष ।

रू. भे.—लुजी ।

लूंटणौ, लूंटबौ—देखो 'लूटणौ, लूटबौ (रू. भे.)

उ०—थोडो कुण करै भरोसौ थारौ, वीसा वाता लखण बुरा । **लूंटै** कुण तौ विन लाखीणौ, जोवन सरखौ रतन जुरा । —ओपौ आढौ

लूंटणहार, हारौ (हारी), लूंटणियौ—वि० ।

लूंटिओड़ौ, लूंटियोड़ौ, लूंट्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

लूंटीजणौ, लूंटीजबौ—कर्म वा० ।

लूंटियोड़ौ—देखो 'लूटियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री लूटियोड़ी)

लूंठाई—देखो 'लाठाई' (रू. भे.)

लूंठापण, लूंठापणौ, लूंठापो—१ देखो 'लाठापणौ' (रू. भे)

उ०—१ काचा करमां सू रैंगा गळ रीता । साचा सोना रा बाळ-लिया बीता । गौरा खाली हुय खाला री गांठा । लेग्यो **लूंठापण** लाठा री लाठा । —ऊ. का.

लूठौ—देखो 'लाठौ' (रू. भे)

उ०—१ कद मरै कुटिळ ओ काळसू, कहै उडाऊं कागलो । लागगो लार **लूठौ** लियण, आटौ कोइक आगलो । —ऊ. का.

उ०—२ खळ दसखध उपाडण खूटा, कीरत भुज जाहर चिहूं कूंटा । लखण काज आगण गिर **लूंठा** टेक निवाह वाह किप-टूटा । —र. ज. प्र.

उ०—३ ए तो सगळी थोथी वातां है चौधरिया । असली बात तो कोई दूजी दीसै । स्यान् राजा सूं काम कढावणौ हूंला, **लूठौ** इनाम लेवण री मसा व्हैला । —अमर चूनडी

लूंड—देखो 'लूंडौ' (मह रू भे)

उ०—कवडी रा लहण मही, गखे हट कर रोक । पाग काख मांझल लिया, **लूंड** बजारी लोक । —बां. दा.

लूंडौ–(स्त्री. लुंडी)—१ मूर्ख बेवकूफ ।

२ लुच्चा, लफगा ।

उ०—१ **लूडा** मुलक रा भेळा हुइ गया । सो एक तो मुगळ इसा वेग और एक पठाण सु सेखा सो दोनूं मुलक नूं लूटै । —गोपाळदास गौड री वारता

देखो 'लौंडौ' (रू भे.)

उ०—जदी **लूंडीया** जाय हुरमां सुं मालुम करी बाई जी सायब खीज करि महल से नीचै आया अरु आतै ही बोलीया नही पोढा रहै । —राहब-साहब री वात

(स्त्री. लूंडिया)

लूण—देखो 'लवण' (रू. भे.)

उ०—भखियौ ज लूंण भूपाळ रौ, घणा रिजक सांभळ घणौ। कहि सभरीक ऊजल करा, तिकौ लूंण साभर तणौ। —सू. प्र.

लूणहरांम—वि. यौ. [स. लवण+अ. हराम] कृतघ्न, नमकहराम।

उ०—लाणत **लूणहरांम**, 'जसवंत' में कीधी जका। फुळ बिदरा रौ कांम, साबत तो मैं 'सादला'। —दळजी महड्ड

रू भे.—लूणहरांम।

लूंणहरांमी—स. स्त्री.—१ कृतघ्नता।

रू. भे.—लूणहरामी।

२ देखो 'लूणहराम' (रू. भे.)

उ०—**लूंणहरांमी** बहुत देख्या, बचन न माने तोरा। म्हैं तौ सांमधरम रे कारण अरजी करूं सवेरा।

—हरिरामजी महाराज

लूंणियोड़ौ—देखो 'लुवियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लूंणियोड़ी)

लूंणी—सं. स्त्री.—१ मारवाड़ की एक नदी का नाम।

२ वनस्पति विशेष जिसके छोटे २ लाल फूल लगते है।

उ०—लाज-लजालू लक्ष्मणा, **लूंणी** लसन लवंगि। लीलावंती लुंकडी. लाहि लवीरी सगि। —मा. कां. प्र.

सं. पु.—३ मक्खन।

लूंणो, लूंबौ—देखो 'लुवणौ, लुवबौ' (रू. भे.)

लूणहार, हारौ (हारी), लूणियौ—वि०।

लूंणिओड़ौ, लूंणियोड़ौ, लूंण्योड़ौ—भू० का० कृ०।

लूंणीजणौ, लूंणीजबौ—कर्म वा०।

लूंथ—देखो 'लोथ' (रू भे)

उ०—गळोवळ हेक चटा-बख गूंथ, लळावट हेक लुळै हुइ **लूंथ**। चळव्वळ हेक हुआ अन चोळ, धारां महि हेक दियै घमरोळ।

—गु. रू. बं.

लूंदौ—सं. पु—किसी गाढे गीले पदार्थ का ढेले की तरह बधा हुआ गोलाकार पिंड, लौदा।

उ०—म्हनै थांरै काकौसा रौ कागद पढनै सुणाय दो वीरा! म्हूं थानै बिलांवणौ करती वखत बूजी रै छांनै मांखण रौ **लूंदौ** दूं'ला। —अमर चूंनड़ी

रू. भे.—लोदौ, लौंदौ।

लूंधियौ—सं. पु.—संध्याकाल का वह समय जब कुछ अंधेरे के कारण कोई स्पष्ट पहचाना न जा सके।

लूंब—स. स्त्री [सं. लंबुक] १ रेशम या सूत के धागों का गुंथा हुआ गुच्छा जो आभूषणों की शोभा वृद्धि के लिए लटकाया जाता है।

उ०—ऊंचणा लागी नार नवेली, माथै ऊपर मटकी। बाजूड़ै री **लूंबां** बैं'री, ईढांणी में अटकी। —चेतमांनखौ

२ ऊट घोडे आदि के चारजामो के इर्द-गिर्द लटकाया जाने वाला लाल व कोड़ियों का गुच्छा, झूमका।

उ०—कत सोभति रेसम **लूंब** करै, धुरवा किर फूलिय सझ धरै। अति उग्र तुरंगम अग वियै, क्रम सोभत आवत डोर कियै।

—रा. रू.

३ बहुत सी वस्तुओं का ऐसा समूह जो एक साथ उगा, उपजा या बना हो।

उ०—१ बेदांनै दाखां बेदांनै अनार। चिलकौचै बेह और सेवूंका विस्तार। कपूर-गरभ केळीका जूथ केळूंकी झूंब। श्रीफळ विदांम और नींबू के **लूंब**। —सू .प्र.

उ०—२ करतीयां रौ झूंबको, मोतियां री **लूंब** हीरा रौ लछौ सरग री झूंब। —मयारांम दरजी री बात

४ सावन भादों मे अविच्छिन्न व निरन्तर होने वाली छोटी छोटी बूंदों की वर्षा, इस वर्षा के बादल।

उ०—१ केहरी दीठा कळा, खळ दल करसी खेह। **लूंबां** झड़ नह लगिया, लुवां न कांनी लेह। —बां. दा.

उ०—२ अगिणत दांन निजर पह आगै। **लूंबां** किर सांवण झड लागै। —रा. रू.

उ०—३ **लूंबा** झड़ नदिया लहर, बक पंकत भर बाथ। मोरा सोर ममोलियां, सांवण लायौ साथ। —बां. दा.

५ मकान में दीपक रखने हेतु दीवार में लगाया हुआ पत्थर।

६ मकान में छज्जे के नीचे लगे पत्थर पर खोद कर बनाए हुए गोले।

७ झूले की अवरोह गति।

उ०—पवन का परवाह, गुलाब की मूठ, सिधराजकौ गोटकौ, तारे की टूट। आतस कौ भमकौ, चक्री की चाल, चपलाकौ चमकौ छाती की ढाल। सींचाणै की झड़प, हींडै की **लूंब** खगराज का बचा, खेतु में खुंब। —मयारांम दरजी री बात

लूंबड़ौ—सं. पु.—नारियल वृक्ष का फल जिसके छिलके के अन्दर गिरि रहती है।

लूंबझूंब—१ सुसज्जित, शृंगारयुक्त।

उ०—१ कलाबातु सागता जरी रा **लूंबझूंब** किया, संगीत नाचणा भाव परीरा सारीख। आकरा झालियां पाव तुरी साबतां ऊठै, अढाई खुरीरा घाव छूरी रा आरीख।

—महाराजा बळूंतसिंह रौ गीत

उ०—२ सो किण भांतरा पलांण जिके समंकरी नीपनी मोरबी पलांणी, दांमण चमकती. पिडांमारी लगांमी आरसी आलीआंरी

छालीग्रा पाखरा घातिग्रा, पलाण लगाण, जीण साकति साभ-वाभ लूंबझूंब करि नै सामण री त्रीजणी ज्यों पांडवै सिणगार पाखर घाति चोकि ग्राणि हाजर किग्रा छै।

—राजान राउत री बात-वणाव

२ ग्राच्छादित, ग्रावेष्टित।

उ०—लुळि लूंबझूंब कदब होवत, ग्रंब के चिह्न फेर। तरु डार धूजत मधुर कूजत, कोकिला तिहिं बेर।

—वि कु.

रू भे.—लूंमझूम, लूमझूम

लूंबणौ, लूंबबौ—क्रि. ग्र.—१ किसी वस्तु का एक सिरा किसी दूसरी वस्तु से लगा हुग्रा हो तथा दूसरा सिरा ग्रधर मे लटकता हो, लटकना, लटूमना।

उ०—जे करतौ हुवै चोरी जारी, उणसू ग्रति नहीं कीजै यारी। वसत न लीजै चोरी वाळी, लूंबै मत तुं निबळी डाळी।

—ध. व ग्र.

२ लिपटना, चिपटना।

उ०—बिरछा लूंबी बेलियां, फूली फली फबेह। सीतळ छाह सुहा-वणी, दणियर किरण दबेह।

—र हमीर

उ०—१ यौं करता सीख करी, तद रतना' ग्राखिया भरी। बाला लूंबी, गळै बिलूंबी। बोलणी नह ग्रायो, गळौ गहरायो।

—र हमीर

४ ग्राक्रमण करना, हमला करना।

उ०—१ हे हेली म्हारै पती घरोघर मूं वैर वसाया है दिनोदिन रोजीना दुसमण ग्राय धाड री धाड माथै लूंबै है। —वी. स. टी.

उ०—२ ग्रणभंग जोध ग्रसमान दिस, ऊनरिया ग्रसमान रा। कमधज्ज कर्णगिरि लूबिया, किरि लंका गढ वांनरा। —गु रू. बं

उ० —३ सूता पर जुद्ध मे म्हारा कत सूं दस दस वीसां ग्रादमी ग्रायनै लड़ण वासतै लूंबिया तिकानै ऊठतै ही कत भजाय दीधा।

—वी. स. टी.

५ घेरना, ग्रावेष्टित करना।

उ०—गढ लूंबी चहुंवळ मचि दमगळ, कोट वळवळ प्रळै जळ कळ। घोम झळवण गयण घू धळ, काजि पळ मुख सकति कळकळ।

—रा. रू.

उ० —२ बामै बार हाक लूबिया बैरी, बागिया फारक घार बहै। जोबन कहे 'कमा' नीसरजै, करि भ.रथ कुळग्राट कहै।

—करमसैन कल्याणोत कछवाह री गीत

उ०—३ सु ग्रठै वडौ झगडौ हुवौ। ग्रादमी ग्राठ मा'राज रै हाथै ठौड रया ग्रठै। ग्रर, माराज पण घावा पूर हुवा। सत्रसाल जी घावां पूर हुवा। दिखणी व्यारूं कांनी लूबिया है वा लोकनूं घणा सांकड़े लियौ।

—द दा.

उ०—४ दारण 'कमा' लूंबिया दोळा, 'ग्रानै' लिया दिवाळां ग्रोळा। 'ग्रानै' तणा सुहड़ रिण ग्राया, पडिया तेरह ग्रवर पुळाया।

—रा. रू.

६ लूटना,

उ०—पछै श्री रावजी री फोजा ठौड-ठौड मेवाड़ मे ग्राय लूबी। देसरो जळळ जादा दीवाणजी नूं पहुंतौ। दीवाणजी नै फिकर सबळौ हुवौ।

—नैणसी

७ झूमना, उमडना।

लूंबणहार, हारौ (हारी), लूंबणियौ—वि०।

लूबिग्रोड़ौ, लूंबियोड़ौ, लूब्योड़ौ—भू० का० कृ०।

लूंबीजणौ, लूबीजबौ—भाव वा०।

नूंबणौ, लुंबबौ, लुंमणौ, लुंमबौ, लूंमणौ, लूंमबौ, लूवणौ, लूवबौ, लूमणौ, लूमबौ—रू० भे०।

लूंबलूंबाळी—वि०—लूंबोवाली, जिसके लूंबे लगी हो, लूंमो से युक्त।

उ०—१ ग्रौरा रै मोचरा डोडा एलची ए, म्हारी ग्रंबाजी रै नागर बेल। ग्रौरा रै पोडण हिंगळू ढोलियौ ए, म्हारी ग्रबा जी रै लूंबलूंबाळी सेज।

—लो. गी.

लूबालूब—वि०—१ पूर्ण शृंगार से सुसज्जित, सजा हुग्रा।

रू. भे.—लाबलूब, लांबालूंब,

लूंबाळौ - देखो 'लुबाळौ' (रू. भे.)

उ०—खारा रै समदा सूं कोडा मगाया, जूनेगढ गूथाया रे, म्हारौ गोरबद लूबाळौ।

— लो. गी.

लूबियोड़ौ—भू का कृ.—१ किसी वस्तु का एक छोर किसी मे ग्रटका हुग्रा हो तथा दूसरा छोर ग्रधर में लटका हुग्रा. २ झूमा या लिपटा हुग्रा. ३ ग्रावेष्टित किया हुग्रा, घेरा हुग्रा. ४ ग्राक्रमण किया हुग्रा।

(स्त्री. लूंबियोड़ी)

लूंबौ—स. पु.—१ धन सम्पत्ति।

२ लाभ।

उ०—ग्रमळ गळै छै। तिण समीयै जखडौ जाय निकळियौ। तरै भीला दीठौ नै कह्यौ—स्रीमाता जी लूंबौ दीधौ।

—जखडा मुखड़ा भाटी री बात

लूंम—स. स्त्री.—देखो 'लूम' (रू. भे)

उ०—सांवण मास सुहावणौ, लागै झड जळ सूंम। उण दिन ही ग्रासव तणी, सौरभ नह ले सूंम।

—बां. दा.

लूंमणौ, लूमबौ—देखो 'लूंबणौ, लूंबबौ' (रू. भे.)

उ०—रेसमी, गुलाब, गेंद, केवड़ा समुहै छै। ग्रौर लीलडंबर तरोवर पर बेलिडियां लूंम रहै छै।

—बगसीराम प्रोहित री बात

लूंमणहार, हारो (हारी), लूंमणियो—वि० ।
लूंमिश्रोड़ो, लूंमियोड़ो, लूंम्योड़ो—भू० का० कृ० ।
लूंमीजणो, लूंमीजबो—भाव वा० ।

लूंमियोड़ो—देखो 'लू बियोडो' (रू. भे)
(स्त्री. लूंमियोड़ी)

लूंमभूंम—देखो 'लूंबभूंब' (रू. भे.)

लूंमी—देखो 'लूंब' (अल्पा., रू. भे.)
उ०—ईढी कवडाळी माथै पर ओडी । छैली अलकावळ मुखड़ै पर छोडी। भणकै भालरियौ भूमरियां भटकै। लूंमी भींगां री खूंणी तळ लटकै । —ऊ. का.

लू—सं. पु.—१ लोप।
२ काल। ३ प्रलय। ४ छेदन। ५ गुदा। ६ रुद्र। (एका.)
सं. स्त्री.—१ ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली बहुत गरम हवा।
उ०—गियौ सियाळौ, आयो ऊनाळो। लू वाजइ छै, सीत लाजइ छै। पग दाभइ छै। तावड़ो तपीजइ छै। —सभा स्रंगार
उ०—२ सादूळा केसरीसिंह ज्वाळानळ अगनी सूं बळता थका वीभावन रा हाथिश्रांरी पेटरी छाया विसरांम करै छै। भुयंग सरप नीसरीश्रा छै। सो लू नै तावड़ै री अगनि सूं बळता थकां द्रौड़ि द्रौड़ि नैं हाथीश्रां रै सीतळ सूंडाहळा माहै पेसि पेसि रहीश्रा छै। —राजांन राउतरो वात - वणाव
उ०—३ लू बाजै धरती तपै, मास आकरो जेठ । आख्या. पावस ऊलरै, ऊभी मिंदर हेठ । —अग्यात
क्रि. प्र.—लागणी, चालणी, बाजणी ।
रू. भे.—लूश्र, लूय ।
क्रि. वि.—तक, पर्यन्त ।

लूश्र—देखो 'लू' (रू. भे.)
उ०—१ दूखण दीधै दुरजणै, ओपै कवित असल्ल । लूश्र भलक्कै लागतै, आबै स्वाद अवल्ल । —घ. व. ग्रं.

लूश्रणो, लूश्रबो—पोंछना ।
उ०—वस्त्र कसायां जटामल-भरी दुरबळ प्रभा क्रतरी । लूई आंसूं वांणी बकि, सोक प्रवाह सही नवि सकि । —नळाख्यांन

लूश्रर—देखो 'लूर' (रू. भे.)

लूकड़ो—देखो 'लाकी' (रू. भे.)

लूकमुख—सं. पु.—एक देश का नाम ।

लूकौ—सं. पु—लुच्चा, बदमाश ।
२ लफगा, चोर ।

लूखट—सं. पु.—वृक्ष विशेष ।
उ०—लीब लविंगह लसणीश्रां, लींबोई लोबांन। लूखट लासा लींब्ररू, लगिथगि लाबा पान । —मा. कां. प्र.

लूखाणो, लूखासणो, लूखाहणो—सं. पु.—१ मवेशी रखने वाले परिवार की वह स्थिति जब कोई मवेशी दूध न देता हो ।
२ परिवार विशेष की वह स्थिति जब घर में दूध देने वाला मवेशी न हो।

लूखो—वि. (स्त्री. लूखी) १ जिसमें चिकनाहट न हो, अस्निग्ध । चिकनाहट रहित ।
उ०—१ इण भात मलूकदास रै तौ मास्तरी फाचरै आई पण आई। कठै तौ वे बी० डी० ओ० रा ऐंठा-चूंठा बासण मांजनै लूखा सूखा टुकड़ा खावण अर कठै आ सायबी भोगणी । —अमर चूंनड़ी
२ पौष्टिक तत्त्व रहित भोजन या जिसमें पौष्टिक तत्त्व की कमी हो, सार रहित ।
उ०—इम जाणै पकवांन अरोगू, घापर मिलै न लूखो धांन । आदम की विध करै 'ओपला', भोळा जै रचियौ भगवांन । —ओपो आढो
३ नीरस, फीका।
उ०—१ लाग खांडारी धारहूं कांई घटै, जिणमें कटिया हुवै जिकै हीज कटै। काइ धाया अर काइ भूखा, लाग बिना सारा ही लागै लूखा । —र. हमीर
उ०—२ रहण कह्या राजनै, दुरस नह प्रभता दावै । हलण कह्या हित हांण, जिका पिण सही न जावै । मिया दिया मोकलै, वणै किम लूखा बाइक । साथ हुवां सांपरत, लोकलज रहै न लाइक । —र. हमीर
४ अप्रिय, अरुचिकर ।
उ०—माहिमां परमातम आतम नहीं मालम । वाल्ही घणा नै तज बिलखांणो बालम । भाई भाई, नै भूखो तज भागो। पग पग पुरसा नै लूखो जग लागो । —ऊ. का.
५ जिसमें नम्रता या शिष्टता का अभाव हो ।
६ जिसमें दया, स्नेह आदि मधुर प्रवृत्तियों का अभाव हो ।
७ खुरदरा।
रू. भे.—लुक्ख, लुक्खौ ।

लूगड़ी—सं. स्त्री.—१ स्त्रियों के ओढने का वस्त्र ।
उ०—भूठी खुसड़ी की खाली आंख ऊगड़ी कोन्या, फांक इसी दीस आवै लेल्यू लूगड़ी उतार । —ऊ. का.
२ देखो 'लूगड़ो' (अल्पा., रू. भे.)

लूगड़ु, लूगड़ू, लूगड़ौ, लूगड़ू, लूघड़ौ–स पु—१ ओढने का एक वस्त्र विशेष।

उ०—१ आज अपूजित देव छइ, पात्री लावित पुत्र। करि लेई कटकु। लूगड़ू कछोटी कटि सूत्र। —मा. कां प्र.

२ वस्त्र, कपड़ा।

उ०–१ वरिहाहां री गाव लूटियौ। सासू रवाय रा लूगड़ा खोसणा। सु देवराज देखता खोसणा —नैणसी

उ०–२ ताहरां बीजा ही ठाकुरा ही कहियौ-म्है पणि लूगड़ा पहिअर उठैहीज मुजरौ करिस्या। —द दा

उ०—३ न पावै राब मीठौ कदे न जीमै, न पै'रै लूघड़ा कदे नीका। डाकियौ प्रसण जम जिम हैला दियै, कसी विध आवसी नीद कीका। —ओपौ आढौ

रू. भे.—लुगड़ौ, लुगडौ

अल्पा.,– लुगडियौ, लूगडी, लूगडियौ, लूगडी

लूघा–स. पु—१ मुसलमानों की जाति विशेष।

उ०—चडे सब्बदा-वेध लूघा सिंघाण। चडे तूणमे घातिआ भूल बाण। —गु रू ब.

२ ढीला-ढाला।

उ०—धुर पेंड न हालै माथौ धूंणै, हाकु केण दिसा हेराव। दत मौने राघव तै दीनौ, पाछौ लै तौ लाखपसाव। चौडी पीठ साकडी छाती, करड़ उघड़ी लूघा कान। लाखाई बाता पाछौ लीजै, कवर न दीजै दान कुदांन। —ओपौ आढौ

लूचबांण–सं. पु.—एक प्रकार का कुत्ता।

उ०—लाहोरी ताजी लूचबांण गिलजा पहाडी। जिकारी मूडहथ मोह नाळ, हाथ भर नस, बड़ रै पान जिसा कान। —रा. सा. सं.

लूट—सं. स्त्री—१ बलपूर्वक किया जाने वाला किसी वस्तु का अपहरण, छीनने की क्रिया।

उ०—तुरक पण मांणस घणा काम आया, सु तुरक पाछा वळिया, लूट काई न की। —नैणसी

२ लूट में प्राप्त धन, असबाब।

उ०—प्रगट गाम पुर धखै अप्रबळ, मार-लियौ वहता पुर मंडळ। ओपत साथां मिळै अलेखै, लूट तणी विगती कुण लेखै।—रा. रू.

३ विशेष परिस्थितियो मे किसी की विवशता से अनुचित लाभ उठाने की क्रिया या भाव।

क्रि. प्र.—मचाणी

लूटक–वि.—लूटने वाला, लुटेरा।

लूटखसोट–सं स्त्री.—लोगों को मारपीट कर माल असबाब छीनने का व्यापार या क्रिया।

क्रि० प्र०—करणी, मचणी।

लूटड़ू–सं. पु.—लूटेरा।

उ०—दूसरा वडेरा ठाकुर कहै, 'समझ राखौ गाव तो पाच दस आपणा मारीया, उजाडीया चोकस जो उठा हीज सों पाछौ घिरतै रौ मारग जाय चांपा। कटक उहा रौ माल वित सो अभरी हुवौ छै। अर पाछै घिरतै नुं इसड़ौ दबावा लूटड़ू लोक छै सु हालतौ रहसी। —तीडै छाडावत री बात

लूटणौ, लूटबौ–क्रि स. [स लुट्] १ चलते राहगीर से बलात् किसी वस्तु को छीनना।

उ०—मिळ दळ प्रबळ राडद्रह मारै, सार असुर साचोर संघारै। मीर पचास सहर में मारै, पमंग दरक लूटै अणपारै। —रा. रू.

२ शहर, गाव, बाजार, बरात और मकान आदि मे अनधिकार रूप मे घुस कर प्रवेश कर उसमें रखा माल असबाब उठा ले जाना।

उ० —१ पडियौ हाकौ पडगना, लियौ भीमपुर लूट। रयण उगाड़ा रूखडा, काट दिया ज्या कूट। —भोपालदान सादू

उ०—२ आगमियौ कमधा असुर, लूटीजै अजमेर। किलम सफीखा कापियो, जवन थया सह जेर। —रा. रू.

उ० —३ मुहकम लगौ मेड़तै ज्या दरिायर पर पेख। आपडियौ घर लूटतां, वाहर गोहरसेख। —रा. रू.

३ बेईमानी या धोखे से किसी की वस्तु या धन को हड़पना, अधिकार में करना।

४ किसी के हाथ से पड़ी या छूटी वस्तु पर कब्जा करना।

५ रसास्वादन करना, सभोग करना।

उ०—जाम रूप लूटियौ बिलास आठूं जाम। गेस, पुंज अली नांमरो स पूतली पाखाण। भूला 'चन्द्रगाम' रौ न धामरौ बाखाण भूला, बाम रौ न भूला भूला काम रौ बखाण। —र० हमीर

६ मोहित करना, वशीभूत करना।

७ किसी दूसरे की वस्तु मनमाने ढग से उपयोग करना।

८ उचित मूल्य से अधिक कीमत पर विक्रय करके ठगना।

९ बरबाद करना, नष्ट करना, नाश करना।

लूटणहार, हारौ (हारी), लूटणियौ—वि०।

लूटिओड़ौ, लूटियोड़ौ, लूट्योड़ौ—भू० का० कृ०।

लूटीजणौ, लूटीजबौ—कर्म वा०।

लूटमार–सं. स्त्री.—लूटने व मारने का व्यापार या क्रिया।

लूटाणौ, लूटाबौ—देखो 'लुटाणौ, लुटाबौ' (रू. भे)

लूटाणहार, हारौ (हारी), लूटाणियौ—वि०।

लूटायोड़ौ—भू० का० कृ०।

लूटाईजणौ लूटाईजबौ—कर्म वा०।

लूटायोड़ौ–भू० का० कृ०—देखो 'लुटायोड़ौ (रू. भे.)

लूटावणो, लूटावबो—देखो 'लुटाणो, लुटाबो' (रू. भे.)

लूटावणहार, हारौ (हारी), **लूटावणियौ**—वि० ।

लूटाविप्रोड़ौ, लूटावियोड़ौ, लूटाव्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

लूटावियोड़ौ—देखो 'लुटायोडौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लूटावियोडी)

लूटियोड़ौ—भू. का. कृ.—१ चलते राहगीर से बलात् किसी वस्तु को छीना हुआ. २ शहर, गांव, बाजार, बरात और मकान आदि में अनधिकार रूप से घुस कर प्रवेश कर उसमें रखा माल-असबाब उठा ले गया हुआ. ३ बेईमानी या धोखे से किसी वस्तु या धन को हड़पा हुआ, अधिकार में किया हुआ. ४ किसी के हाथ से पड़ी या छूटी वस्तु पर कब्जा किया हुआ. ५ रसास्वादन किया हुआ, संभोग किया हुआ. ६ मोहित किया हुआ, वशीभूत किया हुआ. ७ किसी वस्तु का मनमाने ढंग से उपयोग किया हुआ. ८ उचित मूल्य से अधिक कीमत पर विक्रय करके ठगा हुआ. ९ बरबाद किया हुआ, नष्ट किया हुआ, नाश किया हुआ ।

(स्त्री. लूटियोड़ी)

लूटी—सं. स्त्री.—वह बकरी जिसके कान उसके शरीर के साथ चिपके हुए हों ।

लूटेरौ—वि.—१ कूट-मार कर जबरन वस्तु छीनने वाला, लूटने वाला, लुटेरा, डाकू ।

उ०—कांन्हो साथ ले पाली ऊपर आयो । आसथांन जी नीसरिया । कांनै पाली मारी । **लूटेरू** लोग वित्त ले चालता रह्या ।
—नैणसी

२ किसी वस्तु का अनुचित मूल्य प्राप्त करने वाला ।

३ मोहित या वशीभूत करने वाला ।

लूठानई—देखो 'लांठौ' (रू. भे.)

उ०—१ सार सुलक्षण जांणि करी, सदा निरंतर सेव । **लूठानइ** तूं लेखवइ, देव करीनइ देव । —मा. कां. प्र.

लूड—वि.—१ बदमाश, शैतान ।

उ०—१ कोतिक लखे हुय विकराळ दीरघ रद किया, सालुल वणे चड सरीर खावण कज सिया । लेखे असतरी प्रभू **लूड** सारंग सर लिया, दोऊ कांन नासा दूर आछट कर दिया । —र. रू.

लूडणो, लूडबो—क्रि. अ.—१ लड़खड़ाना ।

उ०—१ कटीए कल्लरा **लूडता** लालरा भौमि होदव्भरा गज्ज नारंगरा । —सू. प्र.

उ०—२ न जांणीअ रात्रि न जांणिअ दीस, न जांणीअ पूरब न जांणीअ पस्चिम, सहू एकाकार हुई, इसिइ समय (पर) दलइ वरतमांनि राजा सन्नद्धबद्ध लोह चूर्ण हुइ सुहड़ सुहडइं सगुड़ हात्थीआ **लूडइ**, रथावली ऊथालवइ । —व० स०

लूडणहार, हारौ (हारी), **लूडणियौ**—वि० ।

लूडिप्रोड़ौ, लूडियोड़ौ, लूड्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

लूडीजणो, लूडीजबो—भाव वा० ।

लूडाणो, लूडाबो, लूडावणो, लूडावबो—रू० भे० ।

लूडाणो, लूडाबो—देखो—'लूडणो, लूडणो' (रू. भे.)

लूडाणहार, हारौ (हारी), **लूडाणियौ**—वि० ।

लूडायोड़ौ—भू० का० कृ० ।

लूडाईजणो, लूडाईजबो—भाव वा० ।

लूडायोड़ौ—भू. का. कृ.—१ लडखड़ाया हुआ ।

(स्त्री. लूडायोडी)

लूडावणो, लूडावबो—देखो 'लूडणो, लूडबो' (रू. भे.)

लूडावणहार, हारौ (हारी), **लूडावणियौ**—वि. ।

लूडाविप्रोड़ौ, लूडावियोड़ौ, लूडाव्योड़ौ—भू. का. कृ. ।

लूडावीजणो, लूडावीजबो—भाव वा. ।

लूडावियोड़ौ—देखो 'लूडायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. लूडावियोड़ी)

लूडियोड़ौ—भू. का. कृ.—१ लड़खड़ाया हुआ ।

(स्त्री. लूडियोड़ी)

लूण—देखो 'लवण' (रू. भे.)

उ०—१ लागै दाधै **लूण** ज्यान व्है जीव रो । बैरी बयण न बोल पपीहा पीव रो । घणहर की व्है गाज क गाज अमागळां । सावळ बीज सळाव बगत्तर बादळा । —र. हमीर

उ०—२ बाबहिया नील-पंखिया, बाढत दइ-दइ **लूण** । प्रिउ मेरा मइ प्रीउकी, तूं प्रिउ कहइ स कूण । —ढो. मा.

मुहा. –१ लूण खावणो=किसी का अन्न खाना । किसी के आश्रय में पलना ।

२ लूण-मिरच लगाणो=किसी बात को बढ़ाचढ़ा कर तोड़ मरोड़ कर कहना ।

३ बळधा माथै लूण बुरकणो=किसी को चिढ़ाना, चुभती बात कहना ।

४ लूण उतारणो, लूण उवारणो=एक रस्म विशेष जिसमें विवाह के समय दूल्हे के पीछे बैठकर उसके ऊपर से नमक घुमाना जिससे दृष्टि-दोष आदि का असर न हो ।

लूणका—सं. स्त्री.—१ झाला क्षत्रिय वंश की एक शाखा ।

२ देखो 'लूणी'

लूणणो, लूणबो—क्रि. सं.—१ भेड़ की ऊन कतरना ।

२ फसल काटना ।

उ०—१ सातां सात कांनी व्है, मलार नै वितूण्यो । जाणि सांभठा सा व्है, किसाणां ईख **लूण्यो** । —शि. वं.

लूणणहार, हारौ (हारी), **लूणणियौ**—वि० ।
लूणिओड़ौ, लूणियोड़ौ, लूण्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
लूणीजणौ, लूणीजबौ—कर्म वा०

लूणपण लूणपणौ–सं. पु.—१ स्वामिभक्त होने का भाव । नमक-हलाल ।
उ०—१ लेय ढाल हथावय लोह लगै, अणियां तुल पायक पाल अगै । सज ऊभाय पैदल सांम हणौ, परधान उजाळत **लूणपणौ** ।
—पा. प्र.

लूणराव–सं. स्त्री —१ भाटी वंश की एक शाखा व इस शाखा का व्यक्ति ।
उ०—१ गोपाळदेओत, हड़वा, **लूणराव**, समा, सांमेजा कंदल ।
—बा दा. ख्यात

लूणहरांम–वि.—देखो 'लूंणहराम' (रू. भे)
उ०—१ तिण पातिसाह रौ मामौ ममरेजखान तिणि एदल नू मारि अर टीकौ लियौ दिल्ली रौ । वरस एक राज कियौ । पातिसाह सेती **लूणहरांम** कियौ ।
—द. वि.

लूणहरांमी–स. स्त्री.—देखो 'लूणहरामी' (रू. भे.)
उ०—१ तरै मांन कह्यौ—अै तौ सोहै म्हारा काम आया ।" तरै तुरका कह्यौ—ये **लूणहरांमी** की तिसी सजा । —नैणसी
उ०—२ नागजी खायौ खजानै रौ मालरे, वैरी. **लूणहरांमी** हो गयौ, ओ नागजी । —लो गी.
क्रि. प्र.—करणी ।

लूणाई–स. स्त्री.—१ भेड की ऊन कतरने की क्रिया या भाव ।
२ फसल काटने का कार्य ।

लूणागर–सं. स्त्री.—१ लूनी नदी का एक नाम ।

लूणाणौ, लूणाबौ—१ भेड़ की ऊन कतराना ।
२ फसल कटवाना ।
लूणाणहार, हारौ (हारी), **लूणाणियौ**—वि० ।
लूणायोड़ौ—भू० का० कृ० ।
लूणावणौ, लूणावबौ—रू० भे० ।
लूणाईजणौ, लूणाईजबौ—कर्म वा० ।

लूणायोड़ौ–भू. का. कृ.—१ ऊन कतरा हुआ. २ फसल काटी हुई ।

लूणावणौ, लूणावबौ देखो—'लूणाणौ, लूणाबौ' (रू. भे.)
लूणावणहार, हारौ (हारी) **लूणावणियौ**—वि० ।
लूणावियोड़ौ, लूणाव्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
लूणावीजणौ, लूणावीजबौ—भाव वा० ।

लूणावियोड़ौ—देखो 'लूणायोडो' (रू भे.)
(स्त्री. लूणावियोडी)

लूणि–स. पु.—१ मांस, गोश्त ।
उ०—१ कोई दीह ताई घाव में **लूणि** न आया चिगदा घण सजोरा सेवसिंघ जी धाम पाया । —शि. व.

लूणियौ–स. पु —१ एक प्रकार का घास विशेष ।
२ मक्खन ।
वि —१ नमक का बना, नमकीन ।

लूणियोड़ौ–भू का. कृ.—ऊन कतरा हुआ मेढा ।
(स्त्री. लूणियोडी)

लूणी–स स्त्री.—१ बच्चो का एक देशी खेल ।
२ लूनी नदी ।
वि. वि.—यह पुष्कर के पास से नागपहाड से निकल कर कच्छ के रन में समाने वाली मारवाड की एक प्रसिद्ध नदी है ।

लूणौ, लूबौ—देखो 'लुवणौ, लुवणौ' (रू. भे.)
लूणहार, हारौ (हारी), **लूणियौ**—वि० ।
लूणिओड़ौ, लूणियोड़ौ, लूण्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
लूणीजणौ, लूणीजबौ — कर्म वा० ।

लूत–सं. स्त्री. [स. लूता] १ मकडी, ऊर्णनाभ । (डिं. को.)
रू. भे —लूता, लूतार ।

लूतरौ–वि.—दीठ, निर्लज्ज ।
उ०—जाळ जीम विलाला जामै, सांडा मात सपूतरी । मरु नाव खेवैया मयिहा, ल्यावण लोचै **लूतरी** । —दसदेव

लूता, लूतार—देखो 'लूत' (रू. भे.) (अ. मा.)

लूथ–स. स्त्री.—कुंज ।
उ०—बाग अनेक बावड़ी, अद्भुत फूल अपार । कोयल मोर चकोर पिक, जपत भवर गुजार । जपत भवर गुजार, गुलाबां **जूथ** में । लता फूल लपटात, सरोवर **लूथ** में ।
—बगसीराम प्रोहित री वात

लूथबत्थ, लूथबथ, लूथबाथ, लूथबूथ—देखो 'लथबथ' (रू. भे.)
उ०— हुवे लोह हत्थ, बिन्है **लूथबत्थं** । जडै जमदाढं, करं पास काढं । —सू. प्र.
उ०—२ बैंडा जुधां गयंदां ढाल बे खेत बेढीगारौ, चाळवै ससत्रां पजा बिरुथै सचाळ । **लूथबत्थां** अगरेजां सूं सूर काळ रूपी लडै, उनागा खडग्गां सीह, विरुद्दा उजाळ । —बुधजी सिढायच
उ०—३ दोनू ओड खांपा सू, उ खाली तेथ हाथां । गोळी तीर सेलां, जराख सू **लूथबाथां** । —शि. वं.
उ०—४ सीसोद कमधा सैफळा, बहि सेल भळहळ बीजळा हुय **लूथबाथ** हकारियां, कर खंजर वाह कटारियां । —सू. प्र.

लूधड़ौ–वि. [स. लुब्ध प्रा. लुद्धा] १ आसक्त, लुब्ध ।

उ०—१ आसौ आसा लूधड़ौ, हुं मेली ईणि कंति । मधुकर मालती परिहरी, पारधि पुठि भमति । —प्रा. फा. सं.

लूमड़ौ—देखो 'लूंबड़ौ' (रू. भे.)

लूम-स. स्त्री—१ पूछ, दुम । (डि. को.)

उ०—१ सचोड़ा उरा साकड़ा आसणोटा, मंडै पीठ मचा जिसा गात मोटा । जिका गोळ पीडा उभै चाक जोड़े, तिका चामरी लूम भा लूम तोड़े । —वं. भा.

उ०—२ कसता बिजै मंड कोदंड कधा, बणावै अथा बेररै जेरबधा । सटाया लजाळी लटाळी सुहावै, प्रिया नाग वाळी लखे दाग पावै । करै हालरा कालरा नाद कठा, अथीला मणी भालरा लूम गठां । —व. भा.

२ संपूर्ण जाति का एक राग जिसमें सभी शुद्ध स्वर लगते है ।

३ कपड़ा बुनने का करघा ।

४ देखो 'लब' (रू. भे.)

उ०—१ एक समय जागीरदार उणारै बाग में बिगैर माळी री आग्या एक लूम दाख री लीवी । —नी. प्र.

उ०—२ म्हारै सीस को बाजूबद थिरक रह्यौ, सांवलड़ौ है बाजूबंद री लूम । —मीरां

